हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- ऐसा पहली बार जब 10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे शिक्षकों को बोर्ड ने ठहरवाया
- संस्कृत विद्यामंडलम के कार्यालय में सीसीटीवी की निगरानी में जांची जा रही उत्तरपुस्तिकाएं




*संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा आयोजित की जाने वाली दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में पिछले साल हुए घोटाले के बाद इस बार मूल्यांकन का पूरा सिस्टम बदल दिया गया। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा केंद्रीकृत मूल्यांकन कराया जा रहा है। इसके लिए प्रदेशभर के चयनित शिक्षकों को रायपुर बुलाया गया है। इन्हें दूधाधारी मठ के संस्कृत पाठशाला में ठहराया गया है।*




## हरिभूमि ने किया था खुलासा

*गौरतलब है कि कई सालों से संस्कृत विद्यामंडलम में चल रहे परीक्षा घोटाले का खुलासा हरिभूमि ने पिछले वर्ष परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद किया था। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया था कि बोर्ड की टॉपर परीक्षा में बैठी ही नहीं थी। इसके अलावा एक ही विद्यार्थी के अलग-अलग विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न लिखावट मिली थी। मूल्यांकन में फेल छात्रों को भी अधिक नंबर देकर उत्तीर्ण कर दिया गया था। खुलासे के बाद मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम और मेरिट लिस्ट रद्द करते हुए पुनः परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। जांच के लिए कमेटी भी गठित की गई थी। तत्कालीन सचिव को पद से हटाते हुए कई कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था। खुलासे के बाद इस वर्ष मूल्यांकन कार्य में सख्ती बरती जा रही है।*

# संस्कृत बोर्ड में परीक्षा घोटाले से सबक, इस बार कापियां सिर्फ रायपुर में जांची जा रही, राज्यभर से बुलाए गए शिक्षक, मठ में ठिकाना

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

उत्तरपुस्तिकाएं संस्कृत विद्यामंडलम के पेंशनबाड़ा स्थित कार्यालय में ही जांची जा रही हैं। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा ही इन शिक्षकों के आवागमन और भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई है।

प्रदेशभर से 56 शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए बुलाया गया है। पूर्व में शिक्षकों के रुकने के लिए विवेकानंद आश्रम का चयन किया गया था, किंतु महिला शिक्षकों की अधिकता को देखते हुए अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने उन्हें ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पूर्व में जिलों में पृथक-पृथक केंद्र निर्माण कर होता था मूल्यांकन कार्य



### जिला स्तर पर हुई 5वीं-8वीं की परीक्षाएं

संस्कृत विद्यामंडलम ने नवमी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक की परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। वहीं संस्कृत बोर्ड के अंतर्गत पांचवी और आठवीं की परीक्षा जिला स्तर पर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आयोजित की गई। इस बार संस्कृत बोर्ड ने अपनी परीक्षाएं उन्हीं तिथियों में रखी थी, जिन तारीखों में माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं थीं। यह व्यवस्था इसलिए की गई थी ताकि एक ही छात्र दोनों बोर्ड की परीक्षाओं में एक साथ शामिल ना हो सके।

### 3 हजार 82 छात्रों ने दिलाई है परीक्षा

इस बार संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा आयोजित 9वीं से 12वीं तक की परीक्षा में 3 हजार 82 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। सभी विषय मिलाकर इन छात्रों की 26 हजार उत्तरपुस्तिकाएं जांची जानी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 हजार 192 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ही शेष है। 18 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने की उम्मीद मंडल को है। परीक्षा परिणाम अप्रैल अंत अथवा मई के प्रथम पखवाड़े में जारी किए जाएंगे। बीते सत्र में मेरिट लिस्ट रद्द करने के बाद संस्कृत विद्यामंडल द्वारा पुनः मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई थी। इस बार संस्कृत विद्यामंडल मेरिट परीक्षा परिणाम के साथ ही मेरिट लिस्ट भी जारी करेगा।




## खबर संक्षेप

### उत्तर कुंजी की प्रतीक्षा करें, निष्कर्ष न निकालें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा है कि इंजीनियरिंग के



इच्छुक अभ्यर्थियों को जेईई-मेन की अंतिम उत्तर-कुंजियों का इंतजार करना चाहिए। अनंतिम उत्तर-कुंजियों में त्रुटियों के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए। एजेंसी को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन के उत्तरों में कई त्रुटियों के बारे में शिकायतें मिलने की खबरों के बीच यह स्पष्टीकरण आया है।

### दाल मिल में भंडारण इकाई गिरी, तीन श्रमिकों की मौत

**यवतमाल।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक दाल मिल में काम के



दौरान स्टील निर्मित भंडारण इकाई गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को यवतमाल के महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम क्षेत्र स्थित मनोरमा जैन दाल मिल में हुई।

### ट्रक ने दो बच्चों समेत तीन को कुचला

**होशियारपुर।** पंजाब के हाजीपुर में रेत से लदे एक ट्रक ने दो बच्चों सहित तीन लोगों को कुचल दिया,




जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। पांच लोग मुख्य सड़क के किनारे खड़े थे, तभी तलवाड़ा की ओर से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि घटना में तीन लोगों-आकाश (30), परी (सात) और समीर (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई।

### चिमटे से कुत्ते के दांत तोड़े, पांच पर केस दर्ज

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में पुलिस ने एक आवारा कुत्ते के साथ क्रूरता करने के आरोप में




पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को रावतपुरा खुर्द गांव में हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। दबोह थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया, गांव के निवासियों ने बताया कि आवारा कुत्ते ने बहुत आतंक मचाया हुआ था।

## शीर्ष न्यायालय में वक्फ संशोधन बिल को लेकर 73 याचिकाओं पर सुनवाई

# वक्फ कानून पर रोक से इंकार, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा- क्या हिंदू ट्रस्ट में होंगे मुस्लिम

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 अब कानून का रूप ले चुका है। इसके बाद भी देशभर के कई इलाकों में विरोध जारी है। इस बीच, शीर्ष न्यायालय में राजनीतिक दल और धार्मिक संगठनों ने 72याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र से पूछा कि क्या मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार 2 बजे सुनवाई करेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' को कैसे अस्वीकृत किया जा सकता है, क्योंकि कई लोगों के पास ऐसे वक्फों को पंजीकृत कराने के लिए अपेक्षित दस्तावेज नहीं होंगे।

'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता उसके ऐसे प्रयोजनों के लिए दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग के आधार पर दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की कोई औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो। पीठ ने कहा, आप उपयोगकर्ता द्वारा ऐसे वक्फ को कैसे पंजीकृत करेंगे? उनके पास कौन से दस्तावेज ▶▶|शेष पेज 6 पर




### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- क्या आप यह कह रहे हैं कि अब से आप मुसलमानों को हिन्दू एंडोमेंट बोर्ड में शामिल होने की अनुमति देंगे? इसे खुलकर कहिए।
- 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदों को कैसे रजिस्टर करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे?
- जिन संपत्तियों को एक सदी पहले वक्फ घोषित किया गया था, उन्हें मनमाने ढंग से दोबारा वर्गीकृत नहीं किया जा सकता।
- विधानमंडल किसी फैसले, आदेश या डिक्री को शून्य घोषित नहीं कर सकता। आप केवल आधार ले सकते हैं।'

### कौन-कौन हैं याचिकाकर्ता ?

**राजनीतिक दल**

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, भाकपा, वायएसआरसीपी, सपा, आरजेडी, एआईएमआईएम, आम आदमी पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के नेता शामिल हैं।

**मुस्लिम संगठन**

धार्मिक संस्थानों में जमीयत उलमा-ए-हिंद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, समस्ता केरल जमीयतुल उलेमा आदि ने भी याचिकाएं दायर की हैं।

**हिंदू याचिकाकर्ता**

दो हिंदू याचिकाकर्ताओं वकील हरीशंकर जैन और नोएडा निवासी पारुल खेरा ने भी वक्फ अधिनियम को मुस्लिम समुदाय को अवैध रूप से सरकारी और हिंदू धार्मिक संपत्तियों पर अधिकार देने वाला बताया है।

### क्यों हो रहा है विवाद?

- *वक्फ बोर्ड की लोकतांत्रिक संरचना खत्म कर दी गई है। चुनाव की प्रक्रिया हटाई गई है।*
- *गैर-मुसलमानों की नियुक्ति की अनुमति वक्फ बोर्ड में दी गई है, जिससे मुसलमानों की आत्म-प्रशासन की क्षमता प्रभावित होती है।*
- *समुदाय की धार्मिक संपत्तियों पर दावा करने या रक्षा करने का अधिकार छीना गया है।*
- *वक्फ जमीनों का भविष्य कार्यपालिका के अधीन कर दिया गया है।*
- *अनुसूचित जनजातियों को वक्फ बनाने से रोका गया है।*
- *'वक्फ बाय यूजर' जैसी न्यायिक अवधारणाओं को अधिनियम से हटा दिया गया है।*
- *नए संशोधनों से वक्फ की वैधानिक सुरक्षा कमजोर हुई है।*

## हाई कोर्ट की गंभीर टिप्पणी

# पुजारी भी मर्डर कर सकता है, गंभीरता से होगी जांच




### महामाया कुंड में जाल में फंसकर मृत मिले 23 कछुओं का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने रतनपुर के महामाया कुंड के जाल में फंसकर मृत मिले 23 कछुओं के आरोपी की जमानत पर सुनवाई करते गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि पुजारी भी मर्डर कर सकता है। मजाक बना रखा है, पवित्र स्थान को गंदा बना दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच होगी तो और भी आरोपी सामने आएंगे। पुजारी-पुजारी और लेडी लेडी करके बचाव मत करिए। रतनपुर के महामाया मंदिर के कुंड में कछुओं की मौत के मामले में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष और मंदिर के पुजारी सतीश शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपी सतीश ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आरोपी सतीश शर्मा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हाईकोर्ट में टली

### मंदिर ट्रस्ट को दिया गया तालाब

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह उपाध्यक्ष और पुजारी है। तालाब की सफाई करने वाले मछुआरों को ट्रस्ट के आदेश पर अंदर आने दिया गया था। इस पर कोर्ट ने पूछा और कौन-कौन आरोपी हैं इसमें और कितने लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई है। सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि मामले में ठेकेदार आनंद जायसवाल के साथ मछुआरे अरुण और विष्णु धीवर भी आरोपी हैं। हाईकोर्ट में नगर पालिका परिषद रतनपुर ने भी आवेदन प्रस्तुत किया। नगर पालिका की ओर से कहा गया कि क्षेत्र में जितने भी तालाब हैं नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आते हैं।

## उत्तरप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में ई-मेल

# कबीरधाम कलेक्टोरेट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी, कश्मीर से मेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कबीरधाम

जिला मुख्यालय कवर्धा में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब जिला कार्यालय की ऑफिशियल बेवसाइड पर कलेक्टोरेट कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी भरा एक ई-मेल भेजा गया। इस धमकी भरे ई-मेल की जानकारी मिलते ही प्रशासन के कान खड़े हो गए और मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने फौरी कार्यवाही शुरू करते हुए पहले तो कार्यालय परिसर को खाली कराया और फिर कार्यालय परिसर की तलाशी शुरू की गई। हालांकि ▶▶|शेष पेज 6 पर

- कार्यालय परिसर को खाली कराकर चप्पे-चप्पे में खोजा गया विस्फोटक

### 2.30 बजे तक तेज रही सभी की धड़कनें

यहां बताना लाजिमी होगा कि यह पहला मौका है जब इस तरह से जिले के किसी सरकारी दफ्तर को तय समय सीमा में आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए प्रशासन की ऑफिशियल वेबसाइड भर भेजी गई हो। निश्चित रूप से यह एक दहशत फैलाने वाला ई-मेल था, जिसका व्यापक असर भी देखने को मिला। इस धमकी भरे ई-मेल की जानकारी सामने आते ही जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों से लेकर आम लोगों की धड़कने तेज हो गई थी। यह स्थिति तथाकथित धमाके के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एक दिन पहले यूपी के 15 जिलों को मिली थी धमकी

गौरतलब है कि अयोध्या में राम जन्मभूमि ट्रस्ट और मंगलवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों के जिलाधिकारियों को एक धमकी भरा ईमेल मिला था। यह मेल सोमवार रात को अयोध्या में भेजा गया, जिसमें राम मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की चेतावनी दी गई थी। मेल में लिखा गया था, बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा, जिससे साफ है कि किसी बड़ी साजिश की धमकी दी गई है। इसके बाद मंगलवार को करीब 15 जिला कार्यालयों में धमकी भरा मेल मिला।

# मुठभेड़ में मार गिराए 13 लाख के दो ईनामी नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के किलम–बरगुम मरकाम पाल के जंगलों में सुरक्षा बलों से माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान पूर्वी बस्तर डिवीजन के हलदर और रामे के रूप में हुई है। हलदर पर 8 लाख और रामे पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। दोनों माओवादी लंबे समय से सुरक्षा बलों की हिट लिस्ट में थे। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक एके–47 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद किया है। कोंडागांव और नारायणपुर की सीमा से सटे किलम–बरगुम मरकाम पाल के जंगलों में माओवादियों की गतिविधियों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### रेल कनेक्टिविटी पर हो रहा गंभीरता से प्रयास, शीघ्र जगदलपुर से रायपुर हवाई सेवा होगी शुरू

# बस्तर के 7 में 5 जिलों में नक्सल समस्या लगभग समाप्त : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो दिवसीय बदतर प्रवास पर मंगलवार को जगदलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के 15 अप्रैल मंगलवार को शहर के एक होटल में मैराथन बैठक में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं की समीक्षा की और कहा कि सभी जिलों में बेहतर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बस्तर में सड़क,पुल पुलियों के निर्माण पर जोर दिया ▶▶|शेष पेज 6 पर



### सुविधा और सुरक्षा पहली प्राथमिकता

क्षेत्र के लोगों को सुविधा और सुरक्षा प्रदान करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। बस्तर को नक्सल मुक्त और विकसित बस्तर बनाने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सड़क, पुल और पुलियों का निर्माण

सीएम साय ने कहा प्रदेश सरकार विकास कार्यों की योजनाओं को गति देने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल और पुलियों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। मोबाइल टावर लगाने से संचार व्यवस्था में सुधार होगा साथ ही विकास की गति में तेजी आएगी।

## मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस देश की पहली ट्रेन

# यात्रा के दौरान नहीं होगी कैश की झंझट, ट्रेन में एटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ट्रेन में सफर करते वक्त अगर नकदी पास न हो तो हर कोई चिंतित हो जाता है लेकिन, अब इस चिंता से रेलवे मुक्ति दिलाने जा रहा है। भारतीय रेलवे ने एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस को देश की पहली ऐसी ट्रेन बना दिया है, जिसमें एटीएम लगा हुआ है। ट्रेन के एसी कोच में लगे इस एटीएम से चलती ट्रेन में ही सभी यात्री कैश निकाल सकते हैं।

इस एटीएम को खास तरह से डिजाइन किया गया है ताकि ट्रेन के पूरी रफ्तार में होने के बावजूद भी ठीक से काम कर सके, साथ ही इसे चोरों से बचाने के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं और इस पर चौबीस घंटे सीसीटीवी से निगरानी भी रखी जाएगी। रेलवे का कहना है कि अगर मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में लगे एटीएम ▶▶|शेष पेज 6 पर



### जनशताब्दी में भी होगा उपलब्ध

खास बात यह है कि यही एटीएम अब मुंबई-हिंगोली जनशताब्दी एक्सप्रेस में भी उपलब्ध रहेगा, क्योंकि दोनों ट्रेनों में एक ही रैक का उपयोग होता है। इस ऑनबोर्ड एटीएम से यात्री केवल नकदी ही नहीं निकाल पाएंगे, बल्कि वे इससे चेक बुक मंगवा सकते हैं। अपनी अकाउंट स्टेटमेंट चेक कर सकते हैं और अन्य बैंकिंग सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

### सुरक्षा के खास प्रबंध

ट्रेन में एटीएम का ट्रायल रन सफर रहा। हालांकि, इगतपुरी से कसारा के बीच सुरंगों और कमजोर मोबाइल कनेक्टिविटी के चलते सिग नल की समस या रही। पूरी यात्रा के दौरान मशीन ने बढ़िया प्रदर्शन किया। भुसावल डिवीजन की डीआरएम इति पांडे ने बताया यह हमारी इनोवेशन स्कीम आईएनएफआरआईएस का हिस्सा था। ट्रायल सक्सेसफुल रहा है और भविष्य में इस तरह की सुविधाएं और ट्रेनों में भी उपलब ध कराई जाएगी। एटीएम में शटर सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, और तकनीकी सुरक्षा उपाय लगाए गए हैं ताकि यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

### 4:35 घंटे में सफर पूरा करती है पंचवटी एक्सप्रेस

पंचवटी एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेन है, जो मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से मनमाड़ जंक्शन (MMR) तक चलती है। यह डेली ट्रेन है। यह ट्रेन अपना सफर 4 घंटे 35 मिनट में पूरा करती है। यह ट्रेन मुम्बई वासियों के लिए लाइफ लाइन है। इसमें हजारों की संख्या में मुसाफिर सफर करते हैं। ये एटीएम उन लोगों को काफी मदद पहुंचाने वाली है।

16- APR- K&C- MAIN- Pg- 2 SODKU-H-PRADESH_Layout 1 4/16/2025 11:59 PM Page 1



# गरियाबंद में आरटीजीएस में परेशानी, 35,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि के लिए दुल्हनें दर-दर भटक रहीं

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' में शादी करने वाली दुल्हनें आरटीजीएस नहीं होने के कारण प्रोत्साहन राशि के लिए भटकर रहीं हैं। गरियाबंद जिले में विवादों के घेरे में आ गई है। गरीब परिवारों की बेटियों के सपनों को पंख लगाने वाली इस योजना का लाभ पाने के लिए नवविवाहित जोड़े महीनों से बैंक व सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं।



### प्रोत्साहन राशि का इंतजार

दिसंबर 2024 में पुलिस परेड ग्राउंड में धूमधाम से 124 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ था। प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में दुल्हनों को चांदी का मंगलसूत्र और शादी का जोड़ा तो मिला, लेकिन सरकार द्वारा घोषित 35,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि आज भी एक सपना बनी हुई है।



### 'अकाउंट गलत है', 'बैंक स्टेटमेंट लाओ'

भूमिता, लीलावती, सुखमति, मोंगरा और नीलिंद्री जैसी सैकड़ों दुल्हनों का कहना है कि महिला एवं विकास विभाग के अधिकारी उन्हें लगातार गुमराह कर रहे हैं। कभी अकाउंट नंबर गलत बताया जाता है, तो कभी बैंक स्टेटमेंट की मांग की जाती है। सभी दस्तावेज जमा करने के बावजूद, राशि का कोई अता-पता नहीं है।

### कलेक्टर से गुहार लेकिन समाधान नहीं

हार कर, इन नवविवाहित जोड़ों ने संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर से गुहार लगाई। लेकिन, उनकी फरियाद अनसुनी रही। सैकड़ों किलोमीटर दूर से आए ये जोड़े अब निराश और हताश हैं। इन जोड़ों ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प के दौरान हुए सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को भी अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है।

### आरटीजीएस की सुविधा नहीं: परियोजना अधिकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते पंजाब नेशनल बैंक और डाकघर में हैं, जिनमें आरटीजीएस सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसी कारण विवाहित जोड़ों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 3.50 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। बैंक स्टेटमेंट प्राप्त होते ही व्यक्तिगत चेक के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## कुनकुरी में 8 आवेदन, सुकमा में हाल बेहाल

# बस्तर-दंतेवाड़ा के कई स्कूलों में शून्य तो राजधानी में सीट से 20 गुना अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**प्रदेश के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पालकों को 10 अप्रैल से 5 मई तक का समय आवेदन के लिए दिया गया है। कुछ समय पहले तक शुरुआती दिनों में ही सीट के लगभग या उससे अधिक आवेदन प्राप्त हो जाया करते थे, लेकिन इस बार स्थिति ऐसी नहीं है। हालांकि आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने में अभी 20 दिन शेष है, लेकिन जानकारों का कहना है कि बीते वर्षों की तुलना में इस बार उत्साह अपेक्षाकृत कम दिख रहा है, विशेषकर दूरस्थ अंचल के स्कूलों में। राजधानी रायपुर के शीर्ष विद्यालयों**

खास खबर

रायपुर जिले के अंतर्गत केवल शहर में ही आवेदन संख्या बेहतर है। जिले के अंतर्गत आने वाले अन्य क्षेत्रों में आवेदन संख्या कम है। स्थिति यह है कि बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के कई स्कूलों में आवेदन का खाता भी नहीं खुला है। सुकमा, सरगुजा, जशपुर जिले के भी अधिकतर स्कूलों का हाल बेहाल है। प्रदेशभर में संचालित इंग्लिश व हिंदी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में आवेदन के लिए जारी की गई वेबसाइट में प्रदर्शित आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर में शुरुआती 6 दिनों में सीट से कम फॉर्म जमा हुए हैं। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल हैं। सरकार बदलने के बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को सालाना प्राप्त होने वाली शासकीय अनुदान की राशि में कटौती की गई है। मिली राशि से उससे केवल बिजली का बिल, चॉक-डस्टर जैसी बुनियादी जरूरतें ही पूरी हो सकी हैं।

### जानिए... कहां, कैसी स्थिति (आंकड़े पहली कक्षा के)

बस्तर के मानझिगुडा चिंगपाल में 1, दरभा में 3, बड़े चकवा में 2 और लोहंडीगुडा में 24 आवेदन मिले हैं। यहां पहली कक्षा में 50-50 सीटें हैं। दंतेवाड़ा के करली में 2 तथा बारसुर व कटे कल्याण में शून्य ही आवेदन हुए। जशपुर के अंतर्गत बागीचा में 5 व कुनकुरी में 8 आवेदन मिले हैं। सुकमा के अंतर्गत पावारस व दोरनपाल में पहली कक्षा के लिए एक भी आवेदन नहीं मिल हैं। जबकि जिले के अन्य स्कूलों में खाता खुला है। बालोद के आमापारा में 50 सीटों के विरूद्ध 21 और निपानी में 10 आवेदन मिले हैं। बलौदाबाजार के निपनिया में 40, भाटापारा में 66 व कसडोल में 36 आवेदन मिले। यहां निपनिया और कसडोल में 40-40 जबकि भाटापारा में 50 सीटें हैं। बलरामपुर के राजपुर में 16, रामानुगंज में 33 व वाड्रफनगर में 14 आवेदन मिले। बेमेतरा के सिंघौरी में 13 व हसदा में 30 तथा बीजापुर में 7 आवेदन मिले। बिलासपुर के तिफरा में 33, लिंगियाडीह में 60, चक्करभाठा में 52 फॉर्म जमा किए गए हैं। दुर्ग के धमधा में 11, चरोदा में 30 व कुम्हारी में 40, सरगुजा के केशवपुर में 4 व मिमहा में एक भी आवेदन नहीं मिले।




### कहीं भी सीट वृद्धि नहीं

जगह और संसाधनों की कमी को देखते हुए इस बार किसी भी स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सीट वृद्धि नहीं की गई है। थोक में मिलने वाले आवेदनों और सिफारशी खतों से परेशान होकर प्राचार्यों द्वारा सीट बढ़ाने की मांग पहले की जाती रही है। इस बार राजधानी के किसी भी स्कूल ने सीटें बढ़ाने की मांग नहीं की। अन्य जिलों में भी स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की सीटों में वृद्धि नहीं हो रही है। पिछले सत्र में जितनी सीटों पर प्रवेश दिया गया था, इस बार भी उतनी ही सीटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

### रायपुर के स्कूल ही अपवाद

- आवेदन संख्या के मामले में केवल राजधानी के स्कूल ही अपवाद साबित हुए हैं, जहां सीट से कई गुना अधिक आवेदन मिले हैं। हर बार की तरह इस बार भी आमापारा स्थित आरडी तिवारी स्कूल में प्रदेश में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि सरोना, कुरां, अभनपुर में संख्या थोड़ी कम है। रायपुर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में 36 विद्यालय शामिल हैं।
- आरडी तिवारी विद्यालय आमापारा में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 223 आवेदन मिले हैं। नर्सरी की 20 सीटों के लिए सीट से 20 गुना अधिक अर्थात 403 आवेदन मंगलवार शाम तक मिल चुके थे।
- बीपी पुजारी विद्यालय में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 79 आवेदन मिले हैं।
- शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह में पहली कक्षा की 37 सीटों पर 138 आवेदन शुरुआती 6 दिनों में मिले।
- मोहबाबाजार विद्यालय में पहली कक्षा की 40 सीटों के लिए 88 फॉर्म भरे गए हैं।
- लालपुर में 50 सीटों के लिए 95, मोवा में 50 सीटों के लिए 93, माना कैंप में 40 सीटों के लिए 64 आवेदन मिले हैं। ये आंकड़े पहली कक्षा के हैं।

# सीएम साय बोले-अंतिम छोर तक योजनाओं का पहुंचे लाभ, हर हितग्राही तक शासन की पहुंच हो सुनिश्चित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को बस्तर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष प्रेरणा में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता से निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के विकास की यात्रा अब ठहराव नहीं, निरंतर गति की मांग करती है। हमारा प्रयास है कि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और हर हितग्राही तक शासन की पहुँच सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बस्तर अब पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं, नए भारत की संभावनाओं का प्रवेश द्वार बन रहा है। आयुष्मान, आधार, आवास और विद्युतीकरण जैसी योजनाएं केवल सरकारी परियोजनाएं नहीं, बल्कि आम जन की गरिमा और सुरक्षा की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम उन्हें सिर्फ कौशल नहीं, स्वाभिमान देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक अत्यंत उपयोगी रही और इसमें बस्तर संभाग के विकास, शांति स्थापना और योजनाओं की प्रगति को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए सरकार पूरी ताकत और समर्पण के साथ काम कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में नक्सल उन्मूलन का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और यह लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का संकल्प है। हमारे सुरक्षा बलों का साहस, समर्पण और रणनीति के साथ काम करना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात की आवश्यकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम व्यक्तिगत लाभ आधारित योजनाओं को प्राथमिकता दें और प्रत्येक परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त करें। मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं के कारण कई बार आधार, राशन, बैंकिंग जैसी सेवाएं बाधित होती हैं।

## सूने मकान में धावा 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** दुर्गा चौक गोवर्धन नगर भनपुरी में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की 30 से 31 मार्च के बीच की है। प्रार्थी विरेंद्र कुमार सिन्हा ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के दौरान उसका परिवार बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा था। परिवार जब वापस लौटा तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा पाया।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन:** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# चाइनीज मांझे से बच्चे की मौत, परिजन को ढाई लाख का और मुआवजा दिया गया

## राज्य शासन ने हाईकोर्ट में जवाब दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चाइनीज मांझे से रायपुर में हुई बच्चे की मौत के मामले में सुनवाई के दौरान बुधवार को शासन की ओर से कहा गया कि , पूर्व में 50 हजार के बाद हाल ही में ढाई लाख का मुआवजा बच्चे के परिजनों को और दिया गया है। इसके साथ ही घटना के बाद से प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई जुलाई में तय की है। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने चाइनीज मांझे से हुई दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार पर सख्त नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने मुख्य सचिव से जवाब तलब किया था कि प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा कैसे उपलब्ध हो रहा है।

मामला रायपुर के पचपेड़ी नाका क्षेत्र का है, जहां 7 साल का एक बच्चा गार्डन में खेलते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। गंभीर चोटों के चलते उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा, देवेंद्र नगर में एक महिला



अधिवक्ता भी इसी मांझे के कारण घायल हुईं। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डबल बेंच ने इस मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि, प्रतिबंध के बावजूद इस खतरनाक सामग्री की बिक्री कैसे हो रही है। साथ ही, यह भी पूछा गया कि मृतक बच्चे के परिवार को क्या मुआवजा दिया गया है और इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

### विशेष रूप से निगरानी की जा रही

बुधवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से यह जानकारी दी गई कि , जब यह घटना हुई थी , उसके कुछ समय बाद ही सरकार ने बच्चे के परिजनों को पचास हजार का मुआवजा दिया था। हाल ही में ढाई लाख रुपए और पीड़ति परिवार को दिए गए हैं। इस तरह अब तक तीन लाख का मुआवजा दिया गया है। शासन ने कोर्ट को यह भी बताया कि, प्रशासन अब इस तरह की घटनाओं की विशेष रूप से निगरानी कर रहा है। सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में भी पुलिस बल को अलर्ट किया गया है।

## भालू के साथ क्रूरता पीसीसीएफ को नोटिस


बिलासपुर। सुकमा जिले में भालू के साथ क्रूरता, जबड़े पंजे तोड़कर मारने के मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर पीसीसीएफ को जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि बीते दिनों भालू के साथ क्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसे बस्तर सुकमा जिले के केरलापाल गांव का बताया गया। इसमें कुछ ग्रामीण भालू को डंडे से पीट रहे हैं। भालू का मुंह और पंजा तोड़ा गया और तड़पा-तड़पा कर उसे मार दिया गया। जिस जगह पर भालू के साथ यह क्रूरता हुई वहां पास में ही ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी खड़े हैं। हाईकोर्ट ने वन्य प्राणी के साथ इस क्रूरता और हत्या पर संज्ञान लेकर वन विभाग को जांच और कार्रवाई की जानकारी देने के निर्देश देते हुए पीसीसीएफ को शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं आमानाका पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त रूप से टाटीबंध स्थित काका ढाबा के पास दो लोगों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 12.69 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया है, जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 1 तौल मशीन एवं बिक्री की रकम भी जब्त की है। पकड़े गए दोनों आरोपी अमृतसर पंजाब के रहने वाले हैं। इनमें धर्मेन्द्र सिंह माखन विण्डी थाना जांडियाला गुरु एवं दूसरा अमृतपाल सिंह धरदेव थाना मेहता चौक का निवासी है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 21(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## शब्द पहेली - 5839




**बाएँसेदाए±**

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5838 का हल



## सूडोकु नवताल - 5849

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5848 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

16- APR- CITY- MAIN- Pg- 3 FRINT_Layout 1 4/17/2025 12:18 AM Page 1


**बिलासपुर**

**गुरुवार, 17 अप्रैल 2025**

वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 25, अंक : 26

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5 .00***

**मौसम**

अधि. 38.5

न्यून. 23.6

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 गुड़रासी की हैट्रिक बेकार, डॉर्टमुंड जीतकर भी बाहर...


विचार पेज

2 कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा


# 35 लाख टन धान की होगी नीलामी, बेस रेट नहीं, अधिक बोली वाले से होगा सौदा

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 35 लाख मीट्रिक टन धान सरकार नीलाम करने की तैयारी में है। खास बात ये है कि धान की कोई न्यूनमतम कीमत यानी बेस रेट सरकार नहीं रख रही है। जो बोलीदार सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे धान बेचा जाएगा। यानी बोली लगाने वाले खुद धान की कीमत तय करेंगे। राज्य सरकार ने किसानों से प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए की दर से धान की खरीदी की है। इससे कम दर आने पर राज्य शासन को ▶▶|शेष पेज 6 पर

### प्रति क्विंटल 28 सौ रुपए की लागत लगी

माना जा रहा था कि राज्य और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने से धान का कटोरा कहे जाने वाले छग में धान का निराकरण कर लिया जाएगा, लेकिन केन्द्र द्वारा चावल के कोटा को नही बढ़ाए जाने के कारण राज्य शासन ने इसे फ्री सेल यानी खुले बाजार में बेचने की तैयारी कर ली है। मार्कफेड सूत्रों की मानें, तो धान खरीदने ▶▶|शेष पेज 6 पर

## ई-आक्शन के जरिए राज्य शासन द्वारा धान की नीलामी कराई जाएगी



### खुले बाजार में चावल सस्ता

व्यापारियों की मानें तो खुले बाजार में चावल के दाम प्रति क्विंटल दो हजार रुपए चल रहे हैं। ऐसे में राज्य शासन ने किसानों से प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए में धान खरीदा है। इसकी लागत निकालने की चुनौती होगी। व्यापारियों का कहना है कि बगैर कस्टम मिलिंग के ही बाजार में उन्हें दो हजार रुपए प्रति क्विंटल में चावल उपलब्ध हो रहा है। कस्टम मिलिंग में सरकार को चावल देने छग के मिलर यूपी और झारखंड से सस्ते में चावल मंगा रहे हैं। इसे एफसीआई और नान में जमा कर रहे हैं।

**बेसरेट निर्धारित नहीं**

प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में रखे गए करीब 35 लाख टन धान की नीलामी करने टेंडर मंगाए गए हैं। इसके लिए बेसरेट निर्धारित नहीं है। जो निविदाकार अधिक बोली लगाएंगे, उन्हें ही आबंटन किया जाएगा।

**- रमेश शर्मा, एमडी, राज्य विपणन संघ रायपुर**

### *नीलामी करनी थी तो ट्रांसपोर्टिंग क्यों?*

*पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने भी केन्द्र द्वारा कोटे में चावल नही लिए जाने के कारण नीलामी की गई थी, लेकिन उस दौरान सोसाइटी में ही अतिरिक्त धान की नीलामी आनलाइन प्रक्रिया से कराई गई थी। वर्तमान में सरकार ने सोसाइटियों से धान का उठाव कर ट्रांसपोर्टिंग में मोटी रकम फूंक दी है, जबकि नीलामी सोसाइटियों में भी कराई जा सकती थी। अब ऐसे में लागत राशि निकालना राज्य विपणन संघ के लिए चुनौती बनी हुई है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम दो मई को आंध्र प्रदेश का करेंगे दौरा

**अमरावती।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो मई को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। अमरावती में ग्रीनफील्ड



राजधानी शहर के निर्माण कार्य को हरी झंडी दिखाएंगे। राज्य के मुख्य सचिव के. विजयानंद ने बुधवार को यह जानकारी दी। विजयानंद ने सचिवालय में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए किए जा रहे इंतजामों की समीक्षा की।

### चुराचांदपुर में विस्फोट से फैली दहशत

**इंफाल/चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर में मंगलवार देर रात कम तीव्रता वाला विस्फोट हुआ,



जिससे लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जामसुआं-साहेई सड़क जंक्शन के पास एलीम वेंग में यह विस्फोट हुआ था। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है।

### जेवरात चुराने वाली घरेलू सहायिका साथी संग गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 77 में सिविटेक संप्रति सोसाइटी के एक फ्लैट से लाखों रुपए के गहने और



नकदी चोरी कर फरार होने वाली घरेलू सहायिका और उसके साथी को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने घटना के एक माह बाद गिरफ्तार कर लिया है। सहायिका के पास से चोरी किए हुए करीब 10 लाख रुपए कीमत के जेवरात बरामद किए गए हैं।

### नेपाली संसद का नया सत्र 25 अप्रैल से

**काठमांडू।** नेपाली संसद का नया सत्र 25 अप्रैल से यहां नयाबनेश्वर स्थित संसद भवन में शुरू होगा।



राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी एक नोटिस में यह जानकारी दी गई। नोटिस के मुताबिक, नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने मंत्रिपरिषद की सिफारिश के अनुसार 25 अप्रैल को संघीय संसद के दोनों सदनों का सत्र बुलाया है।

### पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला, चार पकड़े गए

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में पुलिस के एक अधिकारी पर चाकू से



हमला करने के आरोप में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। पीर बाबा मजार फ्लाईओवर के पास 11 अप्रैल को कुछ लोगों ने उपनिरीक्षक प्रेमपाल दिवाकर पर चाकू से हमला किया, जिससे उनके पेट में चोट आई।

### नेशनल हेराल्ड मामले में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, भाजपा ने किया पलटवार

# ईडी की चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट के बाद कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई के मूड में है। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन करने सड़क पर उतरे गए। कई शहरों में पुलिस से झूमाझटकी के बीच कांग्रेस नेता हिरासत में लिए गए।*

कांग्रेस ने देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राज्य मुख्यालयों पर ईडी कार्यालय के सामने और संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र सरकार के कार्यालयों के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया।

कबर रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर भारी सुरक्षा तैनात की गई थी। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, हम जनता के बीच जाना चाहते हैं, क्योंकि जनता से बड़ा कोई नहीं है। हम चाहते हैं कि लोग समझें कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ फर्जी चार्जशीट दर्ज की गई है, जो पूरी तरह से निराधार और अवैध है। वहीं, कांग्रेस नेता अमित चावड़ा ने कहा कि यह सब लोगों का ध्यान देश के असली मुद्दों से हटाने और विपक्ष को धमकाने के लिए किया जा रहा है। विपक्ष को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने घोषणा की थी कि 16 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय के राज्य मुख्यालयों और जिला स्तर के केंद्र सरकार के कार्यालयों के सामने केंद्र के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान जारी कर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों से मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे कथित राजनीतिक प्रतिशोध के खिलाफ विरोध करने का आह्वान किया।

- इंदौर में हुई किरकिरी, ईडी का ऑफिस ही नहीं ढूंढ पाए नेता
- भाजपा ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए



### *ईडी ने पहली बार की ऐसी कार्रवाई*

*यह संभवतः पहली बार है, जब ईडी का धनशोधन मामला अधीनस्थ अदालत द्वारा एक निजी शिकायत का संज्ञान लेने और उसके बाद मुकदमा शुरू करने के लिए आरोपियों को समन जारी करने से उपजा है। एजेंसी आमतौर पर पीएमएलए के तहत, अधिनियम की अनुसूची ए और बी में सूचीबद्ध अपराध का संज्ञान लेती है।*

### पैसे उधार लिए, गलत क्या : खड़गे

नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमने एक संगठन से दूसरे को चलाने के लिए पैसे उधार लिए, इसमें क्या गलत है? पंडित नेहरू द्वारा शुरू किया गया अखबार जब हम सत्ता से बाहर हो गए तो बंद हो गया। हमने बस इसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की। अब वे (भाजपा) अपने संगठनों का विस्तार कर रहे हैं, पिछले 8-9 सालों में इतना पैसा कहां से आया।

### ये झूठा मामला : गहलोत

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई पर कहा, देश में इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, जैसे कोई बहुत बड़ा घोटाला हो गया है। भाजपा बार-बार लोकतंत्र की हत्या करने के काम करते हैं। ये बहुत खतरनाक है। ईडी पहले भी जांच कर चुकी है। क्लीन चिट भी मिल चुकी है। अब फिर से मामला शुरू कर दिया। ये झूठा मामला है, इसमें कोई दम नहीं है।

### भाजपा कहा कांग्रेस को धरने का हक, जमीन लूटने का नहीं

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस पार्टी को धरना देने का अधिकार है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर शेयर हेराफेरी, भ्रष्टाचार और हजारों करोड़ की संपत्ति हथियाने का आरोप लगाया। रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने यंग इंडिया लिमिटेड नामक कंपनी के जरिए इसकी संपत्तियों पर कब्जा किया। यंग इंडिया में 76% शेयर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास हैं। प्रसाद ने दावा किया कि 50 लाख रुपये के बदले 90 करोड़ रुपये के शेयर ट्रांसफर किए गए, जिसके बाद दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और पटना में हजारों करोड़ की संपत्तियां यंग इंडिया के नियंत्रण में आ गईं।

# महादेव सट्टे में देश के आधा दर्जन राज्यों में ईडी के ताबड़तोड़ छापे

*कई जगहों से शैल कंपनी, क्रिप्टो करंसी, मनी लांड्रिंग के सबूत मिले*

*मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल में चल रही कार्रवाई*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में पिछले महीने छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा आईपीएस अफसरों के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश के बाद ईडी ने महादेव सट्टा एप को लेकर देश के आधा दर्जन राज्यों में छापे की कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश के भोपाल, कोलकाता, दिल्ली तथा राजस्थान के जयपुर, चंडीगढ़, गुजरात, अहमदाबाद में ईडी की टीम ने धावा बोला है। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई में ईडी को जयपुर में ड्राय फ्रूट कारोबारी के यहां डिजिटल साक्ष्य के साथ क्रिप्टो करेंसी में निवेश तथा मनी लांड्रिंग के साक्ष्य मिले हैं। साथ ही शैल कंपनियो में निवेश की जानकारी ईडी को मिली है। सूत्रों के मुताबिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईज माई ट्रिप के चेयरमैन के यहां रेड

ईडी ने दिल्ली में चर्चित ट्रैवल्स एजेंसी ईज माई ट्रिप के चेयरमैन निशांत, रिकांत और प्रशांत पिट्टी के ऑफिस घर तथा उसके अन्य ठिकानों में दबिश दी है। जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की गई है, उनमें से किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं मिल पाई है। छापे की कार्रवाई, पूछताछ के बाद आने वाले दिनों में महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों की ईडी नए सिरे से गिरफ्तारी कर सकती है।

### ढाई हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त

महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने कोर्ट में चार अलग-अलग आरोप पत्र दाखिल कर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अभी भी जेल में बंद हैं। इसके साथ ही ईडी महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के अब तक ढाई हजार करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है।

**राजस्थान में भयावह घटना**

# मंदिर से दर्शन कर मां के साथ लौट रहे मासूम को उठा ले गया बाघ



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर से एक भयावह घटना सामने आई है। दोपहर करीब 3 बजे मंदिर में दर्शन कर मां के साथ लौट रहे 6 साल के मासूम बच्चे को एक बाघ उठाकर जंगल की ओर भाग गया। इस घटना से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि बच्चे की मौत हो चुकी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह कुछ अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन कर लौट रहे थे। अचानक जंगल से एक बाघ निकला और भीड़ के बीच से एक छोटे बच्चे को उठाकर जंगल की ओर ले गया। बच्चा अपनी मां के साथ मंदिर आया हुआ था। लोगों ने जोर-जोर से शोर मचाया, लेकिन बाघ नहीं रुका।

### श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक

घटना के बाद त्रिनेत्र गणेश मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों को फिलहाल बंद कर दिया गया है। हमला अमराई वन क्षेत्र में हुआ, जिसे अब हाई अलर्ट पर रखा गया है। श्रद्धालुओं और आम लोगों से जंगल की ओर न जाने की अपील की गई है।

### इलाके में फैली दहशत

इस घटना के बाद से ही इलाके में दहशत का माहौल है। लोग इस बात को लेकर भी नाराज हैं कि एक संरक्षित वन क्षेत्र से इस तरह बाघ का बाहर आ जाना, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है।

### टाइगर ने बच्चे की गर्दन पर रखा राखा था पंजा

वन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई और बाघ की तलाश शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, टाइगर फिलहाल जंगल के भीतर एक स्थान पर बैठा था और उसने बच्चे की गर्दन पर पंजा रख रखा था। यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील थी। टीम ने किसी भी जल्दबाजी से बचते बेहद सतर्कता से रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया, लेकिन मासूम की मौत हो चुकी थी।

# पेड़ों की कटाई मामले में शीर्ष कोर्ट सख्त सरकार से पूछा- इतनी जल्दी क्या थी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कांचा गचीबावली में पेड़ों की कटाई मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पेड़ों को गिराने की इतनी जल्दी क्या थी? न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना ▶▶|शेष पेज 6 पर

- हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कांचा गचीबावली में काटे गए पेड़



### क्या है पूरा मामला

हैदराबाद विवि के पास 400 एकड़ जमीन से पेड़ों को काटा जा रहा है। यह जमीन राज्य सरकार की है और सरकार ने इसे तेलंगाना इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉपरेशन को आवंटित की है। तेलंगाना इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉपरेशन ने इस जमीन पर विकास के लिए बीती 30 मार्च से पेड़ों की कटाई शुरू की।

### इन्होंने उठाया मामला

सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला न्यायमित्र और वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उठाया था। कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए तीन अप्रैल को निर्देश दिया था कि अगले आदेश तक राज्य या किसी भी प्राधिकारी द्वारा वहां पहले से मौजूद पेड़ों की सुरक्षा के अलावा किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

**साइलेंट अटैक का शक**

# फैक्ट्री गेट पर युवक गिरा और दो सेकंड में चली गई जान

एजेंसी ▶▶| इंदौर

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 32 साल के युवक की फैक्ट्री के गेट पर अचानक गिरने से मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



मृतक की पहचान कैलाश पति लच्छू लोधी के रूप में हुई है, जो पटेल नगर में अपने परिवार के साथ रहता था. वह बाणगंगा इलाके की एक कंफेक्शनरी फैक्ट्री में मजदूरी करता था।

### 32 साल के युवक की मौत

सहकर्मियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में यह साइलेंट हार्ट अटैक का मामला माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी, दो बच्चे और एक भाई हैं जो मारुति नगर में रहता है।

**नया डोजियर सौंपने की तैयारी**

# राणा से पूछताछ के बाद बेनकाब होगा पाकिस्तान!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तहव्वुर राणा से अब तक की पूछताछ से साफ है कि उसको मुंबई हमले की हर कड़ी की जानकारी थी। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, नए डोजियर से पाकिस्तान को बेनकाब किया जा सकेगा। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ से जो तथ्य मिल रहे है, उससे एनआईए के पास मौजूद सबूत पुख्ता हो रहे हैं। साथ ही जो नए तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर पाकिस्तान को एक नया डोजियर देकर उसकी भूमिका को बेनकाब किया जा सकता है। राणा हमले के साजिशकर्ताओं के साथ पाक की खुफिया एजेंसी के निकट संपर्क में था।

एनआईए की नजर उन लोगों पर भी है, जो तहव्वुर राणा की ट्रैवल एजेंसी के तहत काम कर रहे थे और जिन्होंने हेडली के झूठे दस्तावेज ▶▶|शेष पेज 6 पर



**आतंकी को मुहैया कराए थे दस्तावेज:** सूत्रों ने कहा, एनआईए जानना चाह रही है कि क्या राणा ने हमले की साजिश से जुड़े आतंकी दस्तावेज मुहैया कराए थे। यह जांच इसलिए भी अहम है, क्योंकि ट्रैवल एजेंसियों का नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय आवाजाही के लिए अहम जरिया होता है।

### लश्कर के कैंप में गया था हेडली

बता दें कि डेविड हेडली ने भी अमेरिकी एजेंसियों के सामने स्वीकार किया था कि वह 2002 से 2005 के बीच पांच बार लश्कर-ए-तैयबा के ट्रेनिंग कैंप में गया था। 2005 के अंत में उसे भारत में विभिन्न स्थानों की रेकी करने का निर्देश मिला, जिसे उसने कई बार अंजाम दिया।

### राणा को साजिश की थी जानकारी

एजेंसियों के पास इस बात के पक्के सबूत हैं कि राणा को हमले की साजिश की जानकारी थी। उसने इस साजिश को आसान बनाने के लिए सहयोग भी किया। राणा की आवाज में कई सबूत एजेंसी के पास हैं, जिनमें वह अपने राजदारों से मुंबई हमले के बारे में बातचीत कर रहा है। एनआईए वैज्ञानिक तरीके से इसे पुख्ता करने के लिए एफएसएल जांच का सहयोग लेगी।

### जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए



न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है।

## चिंतन

# पश्चिम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।


## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर

वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।' इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने, जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था और सांसदों को आमतौर पर अपने घरों की चमक-दमक की ही ज्यादा फिक्र रहती थी। राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति हरिवंश उनके प्रधानमंत्री काल में उनके अतिरिक्त सूचना सलाहकार हुआ करते थे। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर पुस्तक लिखी है। हरिवंश के अनुसार चंद्रशेखर जीवनभर पूरी तरह फियरलेस थे और अपनी बात को लेकर सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों से टकराने में अपनी दोस्ती तक को दांव पर लगा देते थे।



(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वास्थ्य
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया।

घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों




से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है।

यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
**दर्शन**

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम्‌ को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम्‌ की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## पंजर भोकवा मेला



पटना में बुधवार को पंजर भोकवा मेले के तहत निकाले गए धार्मिक जुलूस में भाग लेते लोग।

## आज की पाती

### आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है। *- सुनील सक्सेना, भिलाई*

## ट्रेंड

### दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### संविधान से चलेगा देश

कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### मुनियों पर हमला निंदनीय

मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगज़ाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।


**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**



### महिला श्रम बल

हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**-किरण मजूमदार, उद्यमी**



## करंट अफेयर

### मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध

मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, 'यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है।' मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### दहेज पर विवाद, दो बहनों ने शादी से किया इंकार



**हाथरस।** सादाबाद तहसील क्षेत्र के गांव समदपुर की दो बहनों ने दहेज को लेकर वाद-विवाद और मारपीट होने के बाद शादी से इंकार कर दिया। यह शादी इसी क्षेत्र के गांव ताजपुर के दो भाइयों से तय हुई थी। मामला अब पुलिस के पास पहुंच गया है और लड़की के परिजनों ने महिला थाना में इसकी शिकायत की है। क्षेत्राधिकारी हिमांशु कुमार ने बताया कि इस मामले में एक शिकायत मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव समदपुर निवासी सुनील की दो बेटियों शिवानी और भारती ने बताया कि शादी 14 अप्रैल को होनी थी। लेकिन दोनों पक्षों में हुए विवाद और मारपीट के बाद उन्होंने शादी से इनकार कर दिया है। शिवानी और भारती की शादी गांव ताजपुर के दो भाइयों मोहित और नारायण से तय हुई थी। बारात 14 अप्रैल की शाम वधु पक्ष के घर पहुंच गई और बारात का स्वागत किया जा रहा था। इसी दौरान दूल्हा पक्ष ने गाड़ी की मांग कर दी।

### आधिकारिक कार्यों के लिए असमिया भाषा अनिवार्य

**गुवाहाटी।** असम में बराक घाटी के तीन जिलों और बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के अंतर्गत पांच जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में सभी आधिकारिक कार्यों में असमिया भाषा का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, हालांकि सभी सरकारी अधिसूचनाएं, कार्यालय ज्ञापन, अधिनियम, नियम, विनियम, योजना दिशानिर्देश, स्थानांतरण और पोस्टिंग आदेश अंग्रेजी और असमिया दोनों में जारी किए जाएंगे। यह अधिसूचना 15 अप्रैल से लागू हो गई। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इस 'बोहाग' से असम में सभी सरकारी अधिसूचनाओं, आदेशों, अधिनियमों आदि के लिए असमिया अनिवार्य आधिकारिक भाषा होगी।

### आरडीओ कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी निकली झूठी

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ स्थित राजस्व संभागीय अधिकारी (आरडीओ) कार्यालय में बुधवार को ईमेल के जरिए मिली बम की धमकी झूठी निकली। क्योंकि, बम और श्वान दस्तों द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कोई विस्फोटक नहीं मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों द्वारा की गई जांच के दौरान कुछ भी नहीं मिला। इसलिए यह महज एक अफवाह थी।' उन्होंने आगे कहा कि पुलिस का साइबर प्रकोष्ठ ई-मेल के स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रहा है।

## व्हाइट हाउस ने दस्तावेज जारी कर नए टैरिफ की दी जानकारी

# ट्रेड वार और गहराया, अमेरिका ने चीन पर लगाया 245 प्रतिशत टैरिफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह जानकारी तब सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है।

### आयातित खनिजों पर अमेरिकी निर्भरता के जोखिमों की होगी जांच



### चीन की प्रतिक्रिया पर अमेरिका सख्ती

व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

### सख्ती का अमेरिका ने बताया कारण

ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।

### टैरिफ पर चीन ने दी यह प्रतिक्रिया

*245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का एलान किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है।*

### भारत से दोस्ती बढ़ा रहा चीन!

*अमेरिका और चीन ने बीच चल रहा 'टैरिफ वॉर'कम होने की जगह बढ़ ही रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपने चीन पर 145% टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर 125% टैरिफ लगाया है। दोनों ही देशों पर इस टैरिफ का असर भी दिखना शुरू हो गया है, लेकिन दोनों ही पीछे नहीं हट रहे। चीन की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि वो अमेरिका के सामने झुकेगा नहीं। इस बीच चीन ने भारत से दोस्ती बढ़ानी भी शुरू कर दी है। अमेरिका से चल रहे 'टैरिफ वॉर' के बीच चीन ने भारत से दोस्ती बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। इस साल 1 जनवरी से 9 अप्रैल तक चीन की तरफ से भारतीय नागरिकों को करीब 85 हजार वीजा जारी किए गए हैं।*

## मोदी चाहते हैं कि भारत मिसाइल, हेलीकॉप्टर और युद्धपोत भी दुनिया को बेचें

# हथियार बेचने में रूस की जगह लेना चाहता है भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार उन देशों को हथियार बेचने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले रूस से हथियार खरीदते थे। हाल के दिनों में भारत ने इस दिशा में सक्रियता काफी बढ़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दुनिया की फैक्ट्री बनाने में लगे हैं। इस नीति के चलते पिछले कुछ सालों में देश में आईफोन से लेकर दवाइयों तक का उत्पादन बढ़ा है। अब मोदी चाहते हैं कि भारत मिसाइल, हेलीकॉप्टर और युद्धपोत भी दुनिया को बेचें। यूक्रेन के बाद भारत दुनिया



का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदार है। अब सरकार चाहती है कि सरकारी एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक (एक्जिम) उन देशों को ज्यादा और सस्ते लोन दें जिन्हें राजनीति या क्रेडिट की वजह से सामान्य अंतरराष्ट्रीय कर्ज नहीं मिलता।

### रूस का यूक्रेन पर हमला था टर्निंग पॉइंट

भारत के रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। एक्जिम बैंक ने भी टिप्पणी से इनकार किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'भारत रक्षा निर्यात बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।' एक भारतीय अधिकारी के मुताबिक 20222 में रूस का यूक्रेन पर हमला एक टर्निंग पॉइंट था। रूस और अमेरिका जैसे देशों ने अपने हथियार यूक्रेन युद्ध में झोंक दिए।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा: राजपुर जिला- बलरामपुर (छ.ग.)**

**कब्जा सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) के अधीन **भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- राजपुर** का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नलिखित तारीख को मांग सूचना तथा उसमें उल्लेखित निम्न रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, ऋणी/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रुप से सर्वसाधारण को सामान्यतया एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- राजपुर** को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

| ऋणी का नाम | सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **मेसर्स बंसल ऑटोमोबाइल्स, मालिक- श्री अशोक कुमार बंसल** | ख.नं. **823/3**, ग्राम- नावकी, प.ह.नं. **05**, आर.आई.सी.- राजपुर, तहसील- राजपुर, जिला- बलरामपुर (छ.ग.) 497118, क्षेत्रफल- **0.04** हेक्टेयर पर स्थित ख.नं. **823/3** वाली व्यावसायिक भूमि और एकल मंजिला इमारत का साम्यिक बंधक। **चौहद्दीः उत्तर-** अंबिकापुर रामानुजगंज रोड, **दक्षिण-** राकेश कुमार पांडे की भूमि, **पूर्व-** श्रीमती चंद्रकला की भूमि, **पश्चिम-** राकेश कुमार पांडे की भूमि। | **29/01/2025**<br>**कब्जा की तिथि**<br>**09/04/2025** | ₹ **21,56,440.72** + ब्याज व अन्य अतिरिक्त खर्च |

दिनांक : 16.04.2025, स्थान : राजपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574561, website www.cspc.co.in E-mail:- civil.cseb@gmail.com

No.04-02/605 — Raipur, date 15-04-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned in detailed NIT and having experience of similar nature of work in Govt./Public Sector Undertaking/Power Generating Companies/Local bodies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ED(CP-I)/ 2x660 MW/W/2024-25/T-105 | Providing site elevation certificates and site co-ordinates WGS-84 datum for height clearance from Airport Authority of India (AAI) for proposed 2x660 MW Super Critical Thermal Power Project at HTPS Korba West. | 59,000/- | 590/- | 15 Days | 8100042552 |

Cost of tender form is Rs. 236/- (Rs.200/- + 18% GST). Due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD dtd 09.05.2025 (up to 16:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is dtd 13.05.2025 (at 16:30) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl tender notices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - i.In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor.

**Executive Director (Civil-Project-I)**
**CSPGCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY

## नितिन गडकरी ने आंकड़े पेश कर चेताया

# स्कूली पाठ्यक्रम में होना चाहिए सड़क सुरक्षा का सबक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कुछ भयावह आंकड़े जारी किए हैं। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि इस स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें आने वाली पीढ़ी को इस संबंध में जागरूक करना होगा और उन्हें सड़क सुरक्षा के अभियान से भी जोड़ना होगा। नितिन गडकरी ने इस विषय को लेकर भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ एक बैठक की है। बैठक के दौरान रोड सेफ्टी के विषय को मौजूदा शिक्षा प्रणाली से जोड़ने पर चर्चा की गई है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है।

गडकरी ने कहा कि 2023 में स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के पास 11,000 से ज्यादा युवाओं की जान चली गई। इनमें से 10,000 की उम्र 18 वर्ष से भी कम थी। नितिन गडकरी ने लिखा, !यह आंकड़े चिंताजनक हैं और इस पर तत्काल एक्शन लेने की जरूरत है।

### भावी पीढ़ी को जागरूक करना उद्देश्य

नितिन गडकरी ने आगे कहा, 'शिक्षा मंत्रालय के समर्थन के साथ, हम सड़क सुरक्षा अभियान को पूरे भारत के स्कूलों के साथ जोड़ने के लिए तैयार हैं। इसका उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है।' उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने स्कूलों के आस पास सुरक्षा स्थापित करने, स्कूल के समय बच्चों के प्रवेश और निकास के लिए सख्त प्रोटोकॉल लागू करने पर भी चर्चा की।

सड़क सुरक्षा अभियान का विस्तार सड़क परिवहन मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि छोटी उम्र में सड़क सुरक्षा के उपाय सिखाने से जिम्मेदार युवाओं को तैयार करने में मदद मिलती है। अधिकारी ने कहा, 'युवा भविष्य के ड्राइवर और सड़क इस्तेमाल करने वाले लोग होंगे। उन्हें छोटी उम्र में ही सड़क सुरक्षा के नियम सिखाना महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा अभियान के विस्तार का उद्देश्य जागरुकता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है।'

**मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय**
कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)

**प्रवेश सूचना**

**बी.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27**
**(यूजीसी एवं NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता** - 1. स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। (इन्जीनियरिंग या समतुल्य अर्हता वाले पाठ्यक्रम के लिए 55% अंकों की अनिवार्यता है।) 2. NCTE से मान्यता प्राप्त शिक्षा विषय का कोई कार्यक्रम नियमित रीति से पूर्ण किया हो।
**कार्यक्रम शुल्क** - सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 30000/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा**- आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।

**डी.एल.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27**
**(NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता**- 1. हायर सेकेण्डरी/10+2 परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक/प्रारंभिक विद्यालय में दो वर्ष का अध्ययन अनुभव तथा वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है।
**कार्यक्रम शुल्क**- सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 19200/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा**- आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।
**सभी कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन :-** प्रवेश परीक्षा CBT With SD100 (Without Isolation) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन mponline portal के माध्यम से दिनांक 17.04.2025 से 15.05.2025 तक एवं विलम्ब शुल्क रु. 300/- के साथ 25.05.2025 तक स्वीकार किये जायेंगे।
**नोटः**- 1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए स्थान आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर म.प्र. शासन के नियमानुसार होगा। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पूर्व कियोस्क से डाउनलोड किये जा सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत विज्ञापन एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** पर उपलब्ध है। 2. यूजीसी मान्यता प्रावधिक है। 3. किसी शहर में अभ्यार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर वहाँ के अभ्यार्थियों को निकटतम शहर में स्थित परीक्षा केन्द्र पर स्थानांतरित किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/119697/2025 — **कुलसचिव**

## भारतीय मूल की डॉ. मुमताज बनीं 'रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन' की अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय मूल की डॉ. मुमताज पटेल 'रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन' (आरसीपी) की 123वीं अध्यक्ष चुनी गई हैं। आरसीपी दुनियाभर के 40,000 से अधिक चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख स्वास्थ्य निकाय है, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में की गई थी। उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के लंकाशायर में एक प्रवासी भारतीय दंपति के घर जन्मी डॉ. मुमताज मैनचेस्टर के शीर्ष किडनी रोग विशेषज्ञों में शुमार हैं। आरसीपी ने निकाय की पहली भारतीय-एशियाई मुस्लिम अध्यक्ष और पांचवीं महिला अध्यक्ष के रूप में डॉ. मुमताज का स्वागत किया। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मतदान सोमवार को संपन्न हुआ और उनके चार साल के कार्यकाल के आधिकारिक शुरुआत की तारीख की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। डॉ. मुमताज ने कहा, 'अध्यक्ष के रूप में, मैं आरसीपी को सर्वोत्तम संगठन बनाने की कोशिश करूंगी। मैं इसके प्रत्येक सदस्य का कॅरियर के हर चरण में समर्थन करूंगी, ताकि हमारे मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।' उन्होंने कहा, मैं पूरे जुनून, प्रतिबद्धता, दूरदर्शिता और मूल्य आधारित दृष्टिकोण से इस भूमिका को निभाऊंगी और आरसीपी की सदस्य के तौर पर 20 साल से अधिक का मेरा अनुभव इसमें मेरी मदद करेगा। डॉ. मुमताज जून 2024 से आरसीपी की वरिष्ठ सेंसर और शिक्षा एवं प्रशिक्षण मामलों की उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं। वह निकाय की कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दे रही थीं।

**कार्यालय नगर पंचायत नया बाराद्वार, जिला सक्ती (छ.ग.)**

क्र./82/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — नया बाराद्वार दिनाँक 16/04/2025

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

न.प. नया बाराद्वार निकाय क्षेत्रांतर्गत मरम्मत संधारण मद/निकाय मद/पार्षद/एल्डरमेन निधि से कार्य कराने हेतु शासकीय/अर्द्ध शासकीय विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से लो.नि.वि.एस.ओ.आर. से कम या अधिक दर पर पंजीकृत ठेकेदारों से एवं सामग्री आपूर्ति हेतु आयकर/वाणिज्यकर/पंजीकृत निर्माता/अधिकृत विक्रेता/सप्लायरों से वार्षिक निविदा 2025-26 हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा प्रपत्र एबीसी एवं प्रपत्र ए में तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है।
नोट :- प्रत्येक कार्य का आवेदन शुल्क 100/-

1. निविदा प्रस्तुत करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 06/05/2025 समय शाम 5 बजे
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि — 08/05/2025 समय शाम 5 बजे
3. निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि — 14/05/2025 समय शाम 3 बजे
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय — 14/05/2025 समय शाम 4 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण की समायावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई सामग्री /स्वच्छता सामग्री (सूची अनुसार) | 9.50 लाख | 7200/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |
| 2 | जल प्रदाय सामग्री (सूची अनुसार) | 9.50 लाख | 7200/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |
| 3 | स्टेशनरी संबंधित सामग्री। | 5.00 लाख | 4000/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |
| 4 | विद्युत सामग्री क्रय संबंधी | 9.50 लाख | 7200/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |
| 5 | अध्यक्ष/पार्षद निधि से विभिन्न सामग्री प्रदाय (सूची अनुसार) | 9.50 लाख | 7200/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |
| 6 | वार्ड क. 1 से 15 में पम्प मरम्मत कार्य | 5.00 लाख | 4000/- | 750.00 | सक्षम श्रेणी | कार्यादेश अनुसार |

नियम एवं शर्तों तथा संबंधित सामग्री के Specification की जानकारी के लिये संबंधित विभाग से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है। टीप :- पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नया बाराद्वार

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /97 / राजस्व / 2025 — सारंगढ़ दिनांक-16.04.2025

**लोक नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निकाय अधिनस्थ बिलासपुर रोड मुक्तिधाम के सामने शताब्दी काम्पलेक्स भाग 1 एवं 2 ( प्रथम तल ) में निर्मित दुकानों की आम नीलामी निम्नानुसार तिथि को किया जाना है-

| क्र. | स्थल का नाम | दुकानों की संख्या एवं आरक्षण की स्थिति | नीलामी तिथि व समय | निर्धारित धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिलासपुर रोड मुक्तिधाम के सामने शताब्दी काम्पलेक्स भाग 1 (प्रथम तल) | कुल दुकानों की संख्या 13 आरक्षण की स्थिति<br>अ.जा वर्ग-3 दुकान क्र. 7, 9, 12<br>अ.ज.जा. वर्ग - 1 दुकान क्र. 6<br>अ.पि.व. वर्ग-2 दुकान क्र. 3, 13<br>शि. बेरोजगार - 1 दुकान क्र. 8<br>महिला-1 दुकान क्र. 5<br>अनारक्षित वर्ग-5 दुकान क्र. 4,10,11,14,15<br>साईज 5 X 4.10 वर्गमीटर प्रति दुकान | दिनांक 02.05.2025 समय प्रातः 11.00 बजे से नियत तिथि को नीलामी कार्यवाही पूर्ण नहीं होने की स्थिति में क्रमशः अगला कार्य दिवस को नीलामी की कार्यवाही जारी रखा जावेगा। | प्रति दुकान राशि 100000.00 (रु. एक लाख) का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट अ.जा./अ.ज.जा. हेतु प्रति दुकान 50000.00 (रु. पचास हजार) का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट |
| 2 | बिलासपुर रोड मुक्तिधाम के सामने शताब्दी काम्पलेक्स भाग 2 (प्रथम तल) | कुल दुकानों की संख्या 15 आरक्षण की स्थिति<br>अ. जा वर्ग-3 दुकान क्र. 1, 9, 12<br>अ.ज.जा. वर्ग-1 दुकान क्र. 7<br>अ.पि.व. वर्ग -2 दुकान क्र. 3, 13<br>शि. बेरोजगार-1 दुकान क्र. 8<br>महिला -2 दुकान क्र. 5, 11<br>अनारक्षित वर्ग-6 दुकान क्र. 2, 4, 6, 10, 14, 15<br>साईज 5 x 4.10 वर्गमीटर प्रति दुकान | | प्रति दुकान राशि 100000.00 (रु. एक लाख) का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट अ.जा./अ.ज.जा. हेतु प्रति दुकान 50000.00 (रु. पचास हजार) का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट |

दुकान की राईट आफ आक्युपेशन की आम नीलामी द्वारा 30 वर्षीय लीज पर होगी। नीलामी नियत तिथि को कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के कार्यालय परिसर में की जावेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति जिनकी ओर से नगरपालिका परिषद सारंगढ़ की कोई राशि (नीलामी प्रीमियम, किराया कर/शुल्क आदि) बकाया न हो, निर्धारित अमानत राशि का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व (दिनांक 01.05.2025 को संध्या 05.00 बजे तक) जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात धरोहर राशि स्वीकार नहीं की जावेगी। बिना धरोहर राशि के बोली मान्य नहीं होगी। जिस बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट में खातेदार का नाम उल्लेखित हो, वह बैंकर्स चेक /बैंक ड्राफ्ट उसी नाम के व्यक्ति के नाम से बोली हेतु जमा किया जावेगा। बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट "नगरपालिका परिषद सारंगढ़" के नाम से ही स्वीकार होगा। आरक्षित वर्ग के जमाकर्ता के जमा अमानत राशि प्रथम एवं द्वितीय बोलीकर्ता को छोडकर शेष का जमा अमानत राशि उसी वर्ग में हस्तांतरित किया जा सकेगा। राईट आफ आक्युपेशन की प्रीमियम राशि वापस नहीं की जावेगी। निर्धारित अमानत राशि दुकान की माहवारी किराया के संबंध में एवं नीलामी की अन्य नियम व शर्तें कार्यालयीन समय में नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के राजस्व विभाग से अवलोकन किया जा सकता है। बोली बोलने वालों को यह माना जावेगा कि उन्होनें शर्तो का अवलोकन कर लिया है तथा शर्तें स्वीकार है। किसी भी प्रकार का विवाद होने पर नगरपालिका परिषद सारंगढ़ का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद सारंगढ़**

haribhoomi.com
सेहत
हरिभूमि 4
बिलासपुर, गुरुवार
17 अप्रैल 2025



डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है यकृत (लिवर या जिगर), जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करने का माध्यम भी है। शरीर के इतने महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य को बरकरार रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप यहां दिए जा रहे लक्षणों में से कुछ लक्षणों से पीड़ित हैं और आपको राहत नहीं मिल रही है, पेट की समस्या जारी है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

## बीमार लिवर के कुछ सामान्य लक्षण

- खाने का मन ना करना, भूख धीरे-धीरे कम होते जाना।
- अकसर पेट में दर्द या ऐंठन महसूस होना।
- पेट में अकसर सूजन होना।
- सामान्य डाइट के बावजूद वजन का कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- बिना किसी संक्रमण के अकसर बुखार होना।
- बगैर श्रम किए हमेशा थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉण्डिस) के लक्षण दिखना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- जी मिचलाना और अकसर दस्त होना।

## लिवर की गंभीर बीमारियां

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

स्पेशल: वर्ल्ड लिवर डे, 19 अप्रैल

मौजूदा दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत डाइट हैबिट के कारण लोगों में लिवर के रोगग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जिन्हें इग्नोर करना घातक हो सकता है। ऐसे में उन कारणों को समझना बहुत जरूरी है, जो लिवर को बीमार कर देते हैं। साथ ही इनसे बचने के उपाय और उपचार के बारे में भी जानिए।

# लिवर हेल्थ को कभी ना करें इग्नोर





## बहुत खतरनाक है लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है।

**कारण:** लिवर कैंसर होने के तीन प्रमुख कारण हैं- हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी। फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**रोकथाम:** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है। अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लिवर कैंसर का इलाज:** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए इलाज किया जाता है।



## लिवर सिरोसिस

**कारण:** उपरोक्त वर्णित लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है।

**लक्षण:** खून की उल्टी होना, आंत में रक्तस्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का अतार्किक बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'गफलत में जाना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**रोकथाम-इलाज:** मरीज का अतिशीघ्र शराब छोड़ना जरूरी है। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

## डाइट हैबिट से जुड़ा फैटी लिवर

अगर लिवर में 5% से ज्यादा वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है। फैटी लीवर के दो प्रकार हैं- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले शराब छोड़ना होता है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं।

**लक्षण:** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**अनहेल्दी लाइफस्टाइल का नतीजा:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अनहेल्दी डाइट, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण बढ़ते हैं। जो लोग जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहा है। उनमें बढ़ती इस बीमारी का एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स, फास्ट फूड और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इनको है ज्यादा रिस्क:** जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है। मधुमेह ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाएं।




**रोकथाम-इलाज:** फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10% तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

## हेपेटाइटिस के प्रकार और लक्षण

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1% मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इन मर्जों से ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस बी:** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस सी:** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस डी:** जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



### इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- एंटीडिप्रेसेंट मेडिसिंस (अवसादरोधी दवाएं) के भी लिवर पर साइड और आफ्टर इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए ऐसी दवाओं का सेवन मनोरोग विशेषज्ञ के परामर्श से करें।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर में सूजन के खतरे को बढ़ा देता है।
- ट्रांस फैट्स के सेवन से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं।

## तब रहेगा लिवर हेल्दी



**अपने लिवर** को हेल्दी रखने के लिए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

**वजन में करें 10% की कमी:** अगर मोटापे से ग्रस्त कोई व्यक्ति व्यायाम और कम कैलोरी युक्त खान-पान के जरिए अपने शरीर के वजन में लगभग 10% की कमी करने में सफल रहता है, तो वह लिवर से संबंधित बीमारियों से कुछ हद तक दूर रह सकता है। मोटापा आपके लिवर का शत्रु है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांच:** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरी:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर अपना दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए इनके सेवन से परहेज करें।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रित:** जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है। इनके अलावा स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंधों से बचें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है। इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करें।

उपयोगी फल / राजकुमार 'दिनकर'

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कोकम



कोकम का वानस्पतिक नाम गारनिया इंडिका है। मूल रूप से यह कोंकण इलाके का पेड़ है। इसके फल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसका व्यापारिक इस्तेमाल भी होता है। कोकम के फल गहरे जामुनी से लेकर काले रंग के होते हैं। इसका फल चिपचिपा और टेढ़े-मेढ़े किनारे वाला होता है। अकसर इसे आधा काटकर धूप में सुखाकर भारतीय रसोई में मसाले की तरह इस्तेमाल होता है। इसे आमसल कोकम या कोकाम भी कहा जाता है। महाराष्ट्रियन, कोंकण और गुजराती व्यंजनों में इसका काफी इस्तेमाल होता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले कोकम को इमली का अच्छा विकल्प माना जाता है।

**होते हैं कई गुण:** कोकम खाने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जो लोग अकसर बीमार रहते हैं, उन्हें इसका नियमित सेवन करना चाहिए। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह रक्त में शुगर को कंट्रोल रखता है और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कोकम में विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, मैग्नीज और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं। कोकम का सेवन न्यूरोनल विकास की क्रिया में मदद करता है, जिससे दिमागी शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिविटी आती है।

**वजन घटाने में सहायक:** इसके फल को पानी में उबाल कर और छानकर पीने से वजन कम करने में काफी सहायता मिलती है। दस्त होने पर कोकम के फलों का चूर्ण ठंडे दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। इसे एसिडिटी के इलाज के लिए भी जाना जाता है।

**लू से बचाए:** गर्मी में कोकम का शर्बत पीने से लू से बचाव होता है। प्यास बुझाने वाला यह एक ऐसा शर्बत होता है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

**कैसे इस्तेमाल करें:** कोकम को इमली की तरह सूखे फल के रूप में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे इस्तेमाल करते समय इसके छिलके को काटा नहीं जाता, इसे साबूत ही सुखाया जाता है। सुखाने के दौरान इनमें धूल मिट्टी चली जाती है, इसलिए इसे संग्रहित करते समय अच्छी तरह साफ करके रखना चाहिए। *

न्यू ट्रीटमेंट

रजनी अरोड़ा

हाल में एक अमेरिकन कंपनी ने मोटापा नियंत्रित करने के लिए मुंजारो दवा लॉन्च की है। यह कैसे काम करती है, कितनी कारगर है और इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इस बारे में जानिए।

# ओबेसिटी दूर करने में हेल्पफुल मुंजारो




मोटापा या ओबेसिटी आज दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा, डायबिटीज, कैंसर, लिवर डिजीज, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, डिप्रेशन, स्लीप एपनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह होने के साथ असमय होने वाली मौत के कारकों में दूसरा बड़ा कारण भी है। भारत की बात करें तो करीब 7-8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे से ग्रस्त हैं। 'लैंसेट' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वयस्क आबादी में 9.8 प्रतिशत महिलाएं और 5.4 प्रतिशत पुरुष मोटापे का शिकार हैं। तकरीबन 8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे का शिकार हैं, जिनमें 1.25 करोड़ बच्चे हैं, जिनका बीएमआई इंडेक्स रेट 30 या अधिक है। जबकि 18-25 बीएमआई वाला व्यक्ति हेल्दी की श्रेणी में आता है। हालांकि ओबेसिटी को दूर करने के लिए दुनिया भर में कई तरीके अपनाए जाते हैं। बेरियाट्रिक सर्जरी के अलावा रैस्मीटोरॉन, स्मैलेग्लूटाइड जैसी ड्रग्स पहले से ही प्रचलन में हैं। पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी ने मुंजारो या टिरजेप्टाइड इंजेक्शन लॉन्च किया। इसके ट्रायल में काफी सफलता मिली है।

**कैसे दी जाती है दवा:** ओबेसिटी से ग्रस्त व्यक्ति को मुंजारो का इंजेक्शन सप्ताह में एक बार दिया जाता है। व्यक्ति पेट, बांह या पैर पर यह इंजेक्शन लगवा सकता है।

**कैसे करता है असर:** हमारे ब्रेन के स्टेटाइटी सेंटर में दो तरह के हार्मोन निकलते हैं- जीएलपी वन (ग्लूकोगन लाइक पेप्टाइड वन) और जीआईपी (ग्लूकोज डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड)। ये हार्मोन हमें पेट भरने का अहसास दिलाते हैं, जिससे हम खाना बंद कर देते हैं। मुंजारो दवाई इन हार्मोन के रिसेप्टर पर काम करके अर्ली स्टेटाइटी की फीलिंग कराती है। यानी थोड़ा खाना खाने के बाद ही व्यक्ति को पेट भरे होने का अहसास होता है और उसका कैलोरी इनटेक कम हो जाता है। यह खाना डाइजेस्ट करने या पेट की मूवमेंट की रफ्तार को कम कर देता है। यानी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे खाना व्यक्ति के पेट में ज्यादा लंबे समय तक रहता है। भूख कम लगने से व्यक्ति कम खाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल और मोटापा कम बढ़ता है।

सामान्य तौर पर हमारे दिमाग से ऐसे हार्मोन निकलते हैं, जिनसे भूख भी लगती है और पेट भरा रहता है। यह दवाई भूख लगने वाले हंगरी हार्मोंस को कम करता है। साथ ही पेट भरे होने का अहसास दिलाने वाले हार्मोन बढ़ाता है। इससे व्यक्ति को भूख नहीं लगती और वह खाना कम खाता है। यह दवा, पेनक्रियाज ग्लैंड्स के अल्फा-बीटा सेल्स को रिलैक्स करती है, जिससे वो ज्यादा अच्छे तरीके से काम करते हैं।

**किन्हें हो सकता है नुकसान:** ओबेसिटी के शिकार व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श के उपरांत ही मुंजारो इंजेक्शन लेना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज थाइरायॅड कैंसर, मल्टीपल एंडोक्राइन नियोप्लाजिया सिंड्रोम जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को मुंजारो इंजेक्शन नहीं लेना चाहिए।

**हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ओबेसिटी कम करने वाली दवा कारगर साबित हो रही है। लेकिन इनके शरीर पर कुछ प्रभाव भी पड़ते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि फैट के साथ शरीर का मसल्स-मास कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति कमजोरी, थकान महसूस करता है। इसके अलावा मुंजारो दवाई लेने पर शुरू में व्यक्ति को पेट दर्द, गैस बनना, उल्टियां आना, घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिसके लिए हल्का सुपाच्य खाना खाने, ओवरइटिंग न करने की सलाह दी जाती है। धीरे-धीरे शरीर को आदत होने पर साइड इफेक्ट कम हो जाते हैं। पेशेंट आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन रिच खाना ले सकता है।

**वेट ऐसे रहेगा मेंटेन:** वजन कम करने के लिए सिर्फ मुंजारो पर निर्भर रहना सही नहीं है। इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी भी जरूरी है। जिसमें संतुलित और पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित व्यायाम करना बहुत जरूरी है। ताकि दवाई बंद करने के बाद वजन दोबारा न बढ़े। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो योगाभ्यास रेग्युलर करते ही होंगे। लेकिन योगाभ्यास आप आराम से कर सकें और इसका सही लाभ आपको मिले, इसके लिए आपको सही योगा मैट का यूज करना चाहिए। कैसा हो आपका योगा मैट, जानिए।

# योगासन के लिए कैसा हो आपका योगा मैट

सजेशन

राजकुमार



आजकल योग का क्रेज पूरी दुनिया में छाया हुआ है। वर्किंग हो या नॉन वर्किंग किसी भी आयुवर्ग के लोग योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए इसे सहजता से अपना रहे हैं। अब आप योगासन सीखने की शुरुआत कर रहे हैं या सालों से इसे कर रहे हैं, तो योगा मैट का इस्तेमाल तो करते ही होंगे। योगा मैट इसलिए जरूरी है, क्योंकि योगासन करने के दौरान बैठने या लेटने के लिए हमें किसी ऐसी मैट की जरूरत होती है, जिससे हमारे जोड़ों पर दबाव न पड़ें, शरीर की जमीन पर पकड़ स्थिर रहें। योगा मैट के जरिए यह सब संभव है। अब सवाल है योगा मैट खरीदते समय किन बातों का ख्याल रखें?

**क्वालिटी हो सही:** बाजार में सस्ते या कहें लो क्वालिटी के योगा मैट भी उपलब्ध हैं, लेकिन हमें उसकी गुणवत्ता देखकर खरीदना चाहिए, क्योंकि आम सी दिखने वाली योगा मैट पर लगातार पैरों और शरीर का दबाव पड़ने से यह खराब हो जाती है। अच्छी क्वालिटी की योगा मैट कंफर्टेबल और अच्छी पकड़ देती है। इसका स्पंज हमारे शरीर के दबाव को संतुलित करता है और इसकी मोटाई एक आरामदायक वर्कआउट सुनिश्चित करती है, क्योंकि इससे हमें सही कुशनिंग मिलती है। आजकल ये योगा मैट अलग-अलग तरह की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई में उपलब्ध होते हैं। हमें अपनी बॉडी के आकार के अनुरूप ही योगा मैट का चयन करना चाहिए। इसकी मोटाई भी हमारे शरीर के वजन के लिए परफेक्ट होनी चाहिए।

**मैट की मोटाई:** योगा मैट की पकड़ भी एक अहम गुण है। योगासन करते समय जब हम उस पर खड़े होते हैं तो पैरों पर उसकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। योगासन करते समय वह इधर-उधर फिसलना नहीं चाहिए। यह उसकी मोटाई पर निर्भर करती है। इसकी मोटाई जितनी ज्यादा होगी, हथेलियों, घुटनों और पैरों को उतनी ही बेहतर कुशनिंग मिलेगी। योगासन के द्वारा शरीर के इन अंगों पर ज्यादा दबाव डलने के कारण इनमें चोट न लगे, इसलिए मोटी योगा मैट का चुनाव करना चाहिए। योगासन के लिए मैट की मोटाई 1/8 से 1/2 इंच, पाइलेट्स के लिए 1/2 इंच मोटी और नॉर्मल एक्सरसाइज के लिए 1/2 इंच से 2 इंच मोटी होनी चाहिए।



**मैटीरियल हो अच्छा:** कुछ मैट दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ सस्ते भी होते हैं। लेकिन सस्ते होने के कारण इनका मैटीरियल भी हल्का होता है। बिछाने के बाद ये बार-बार मुड़ते रहते हैं, जिससे आप एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं, इसलिए ऐसा मैट खरीदने से बचें। वर्कआउट करते समय हम अपना अधिकांश समय योगा मैट पर ही गुजारते हैं। इसलिए हल्के रंगों की बजाय गहरे रंग का चयन करें। इसकी बनावट अगर ज्यादा खुरदरी होती है तो वह असुविधाजनक लगती है। इसका स्पंज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी बॉडी की पकड़ के अनुकूल हो। पीवीसी मैट स्पंजीनेस के लिए और कॉर्क जैसे कठोर योगा मैट का भी चयन कर सकते हैं।

**करते रहें सफाई:** योगा मैट पर योग करने के दौरान शरीर से लगातार पसीना निकलता है, जिसके कारण यह चिकने और गंदे हो जाते हैं। अगर इसे साफ न रखा जाए तो इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए योगा मैट की रेग्युलर सफाई रखें। *

## विप्रो का मार्च तिमाही लाभ 25.9 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते (2024-25) की मार्च तिमाही के दौरान 25.9 प्रतिशत बढ़कर 3,569.6 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ (कंपनी के इक्विटी धारकों को देय) 2,834.6 करोड़ रुपये रहा था।

# क्या जुकरबर्ग बेच देंगे वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम! मजबूर कर रहा अमेरिकी नियामक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- मेटा को इंस्टाग्राम और ववॉट्सऐप बेचने का दबाव
- मुकदमा हारने पर जुकरबर्ग को भारी नुकसान हो सकता है


फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट के मालिक मार्क जुकरबर्ग की मुश्किलें बढ़ रही हैं और ऐसा लग रहा है कि उन्हें जल्द ही अपनी कंपनी बेचनी पड़ेगी। इन तीनों की पैरेंट कंपनी मेटा के खिलाफ वॉशिंगटन में एंटीट्रस्ट का एक बड़ा मुकदमा शुरू हुआ है। इस मुकदमे के जरिए अमेरिकी फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी) जुकरबर्ग को इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप बेचने के लिए मजबूर करना चाहता है। अमेरिकी नियामक का मानना है कि मुकदमा 37 दिनों में खत्म हो सकता है और इसके बाद मार्क को अपनी कंपनियों को लेकर फैसला लेना पड़ेगा।

अमेरिकी रेगुलेटर की ओर से मेटा के खिलाफ शुरू किया गया यह अब तक का सबसे आक्रामक कदम है। एफटीसी का आरोप है कि मेटा ने साल 2012 में इंस्टाग्राम को 1 अरब डॉलर में और साल 2014 में वॉट्सऐप को 22 अरब डॉलर में खरीदकर उभरती हुई प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और व्यक्तिगत सोशल नेटवर्किंग क्षेत्र में अपने एकाधिकार को अवैध रूप से बनाए रखने की रणनीति अपनाई थी। मेटा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को इसलिए खरीदा, ताकि वह अपने उत्पाद रणनीति को समझने के लिए पूरा टाइम ले सके।

### मार्क जुकरबर्ग पर एंटीट्रस्ट का मुकदमा हुआ शुरू

**जुकरबर्ग को होगा बड़ा नुकसान**

वैसे पूरे मामले को खत्म होने में कई साल लग सकते हैं और अगर मार्क ने इंस्टाग्राम को खो दिया तो उन्हें तगड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। इंस्टाग्राम अकेले ही अमेरिका में विज्ञापन से मेटा को होने वाली कुल कमाई का 50 फीसदी हिस्सा लाता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में यह भी अटकलें लगाई जा रहीं कि प्रशासन इस पर समझौता कर सकता है। फिलहाल, दोनों ही पक्षों की निगाहें एंटीट्रस्ट मुकदमे पर टिकी हैं, जो मेटा का भविष्य तय करेगा।




*जुकरबर्ग के ईमेल से हुआ खुलासा :* आयोग ने मुकदमे में आंतरिक ईमेल का हवाला दिया है, जिसमें सीईओ मार्क जुकरबर्ग का एक ईमेल भी शामिल है। इसमें लिखा था कि 'प्रतिस्पर्धा करने से बेहतर है खरीद लेना, जो नवाचार को दबाने के इरादे का पक्का सबूत है।

*जुकरबर्ग हार गए तो क्या होगा :* अगर अदालत मेटा के खिलाफ फैसला सुनाती है तो मेटा को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप को अलग करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इससे टेक जगत में बड़ी हलचल पैदा होगी। साथ ही अदालत एक ट्रस्टी नियुक्त कर सकती है जो इस विभाजन की देखरेख करेगा, जिसमें नए संस्थाओं के साथ डेटा और तकनीक साझा करना और मेटा के प्रतिस्पर्धी उत्पाद विकास को अस्थायी रूप से रोकना शामिल हो सकता है।

*कमजोर है मेटा की सफाई :* एफटीसी ने यह भी दावा किया है कि साल 2012 से 2020 तक फेसबुक ने सोशल नेटवर्किंग क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं के कुल समय का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपने कब्जे में रखा। हालांकि, इस पर मेटा ने सफाई दी है। हमारे सामने टिकटॉक और यूट्यूब जैसे मजबूत प्रतिस्पर्धी हैं। एफटीसी यह साबित करने में असफल रहा है कि उपभोक्ताओं या विज्ञापनदाताओं को कोई नुकसान हुआ है।

## स्पाइसजेट पुनरुद्धार प्रक्रिया 'अच्छी चल रही' : अजय सिंह

एजेंसी ⏭ मुंबई



- एक साल में बेड़े को दोगुना करेंगे
- एयरलाइन ने अक्टूबर 2024 में बेडे में 10 विमान जोड़े

घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी की पुनरुद्धार योजना 'बहुत अच्छी तरह से चल रही है' और एयरलाइन अगले 12 महीनों में अपने मौजूदा बेड़े को दोगुना करने की राह पर है। जनवरी में, स्पाइसजेट ने अप्रैल के मध्य तक चार बोइंग बी 737 मैक्स सहित अपने 10 ठप विमानों को फिर से परिचालन में लाने की योजना की घोषणा की थी। एयरलाइन ने कहा था कि उसने अक्टूबर, 2024 से अपने बेड़े में 10 विमान जोड़े हैं, जिनमें तीन ठप विमानों को फिर से सेवा में लाया गया और सात पट्टे पर शामिल किए गए।

स्पाइसजेट को वित्तीय संकट और विमान पट्टेदारों के साथ कानूनी विवादों सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। हाल के महीनों में, कंपनी ने धन जुटाया है और पुनरुद्धार के रास्ते पर है। यहां यात्रा सम्मेलन के दौरान स्पाइसजेट की पुनरुद्धार योजना के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, "यह बहुत अच्छी तरह से चल रही है और अगले साल तक हमें अपने वर्तमान बेड़े को दोगुना करने की उम्मीद है...फिलहाल हमारे सभी विमान ठप हैं, फिर भी हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं और अगले 12 महीनों में हम वर्तमान स्थिति से दोगुने हो जाएंगे। कंपनी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और काफी अच्छी तरह से पुनरुद्धार कर रही है। स्पाइसजेट के बेड़े में 10 जनवरी तक कुल 62 विमानों में से 28 विमान परिचालन में थे, जिनमें 20 बी737, छह डी हैविलैंड कनाडा डीएचसी-8 डैश 8 और दो एयरबस ए320 शामिल थे।

### सरकार ने एपीएम वाली गैस आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# सरकार ने शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए सस्ती गैस की आपूर्ति घटाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कमी की भरपाई अपेक्षाकृत महंगे ईंधन से की गई
- इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है



सरकार ने इंद्रप्रस्थ गैस लि., महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी टोटल गैस लि. जैसे शहरी गैस वितरकों को कम लागत वाली एपीएम यानी सरकारी मूल्य व्यवस्था वाली गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। इस कमी की भरपाई अपेक्षाकृत अधिक महंगे ईंधन से की गयी है। तीनों शहरी खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि गैस आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नोडल एजेंसी गेल (इंडिया) लि. ने पुराने क्षेत्रों से गैस की आपूर्ति में कटौती की जानकारी दी है। इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है क्योंकि इसके मूल्य के बारे में समय-समय पर सरकार निर्णय करती है।

### एपीएम गैस का उत्पादन घट रहा

एपीएम गैस की वर्तमान कीमत 6.75 प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) है। इसका उत्पादन नौ से 10 प्रतिशत वार्षिक दर से घट रहा है, क्योंकि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन कम हो रहा है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) उत्पादन को बनाये रखने के लिए अधिक कुओं की खुदाई में निवेश कर रही है। लेकिन इससे लागत बढ़ रही है और इसका असर ऊंची कीमत के रूप में दिख रहा है। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में वाहनों को सीएनजी और घरों में पाइप के जरिये खाना पकाने की गैस की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी आईजीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि उसे पाइप के जरिये खाना पकाने की गैस की आपूर्ति करने और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य (वर्तमान में 6.75 डॉलर प्रति यूनिट) पर सीएनजी बिक्री के लिए घरेलू गैस मिलती है।

### नए कुओं से 125 फीसदी गैस का आवंटन

आईजीएल ने कहा, ''गेल (इंडिया) लि. से कंपनी को सूचना मिली है कि 16 अप्रैल, 2025 से कंपनी को घरेलू गैस आवंटन में कमी आएगी। कंपनी को संशोधित घरेलू गैस आवंटन पिछले आवंटन से लगभग 20 प्रतिशत कम है।'' कंपनी ने कहा कि उसे आपूर्ति में कमी के एवज में नये कुओं से अतिरिक्त 125 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है।

*कंपनियों का लाभ प्रभावित होगा*

*इससे कंपनी का लाभ प्रभावित होने की आशंका है। मुंबई में गैस वितरण करने वाली खुदरा कंपनी एमजीएल ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी 10 अगस्त, 2022 के नीति दिशानिर्देश के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित एपीएम व्यवस्था के तहत आने वाली प्राकृतिक गैस को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए आवंटित किया जाना है।*

### एक साल में आपूर्ति 50 फीसदी घटाई गई

ऐसी गैस को नए कुओं से उत्पादित गैस कहा जाता है और इसकी कीमत लगभग आठ डॉलर प्रति इकाई होती है। पिछले एक साल में, शहर के गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस की आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। ताजा कटौती के साथ, एपीएम गैस अब कुल शहर की गैस आवश्यकता का लगभग 34 प्रतिशत पूरा करेगी, जो पहले 51 प्रतिशत था।

### कम आवंटन की भरपाई नए कुओं से

अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस लि. ने कहा कि उसे गेल से एपीएम गैस आवंटन में 15 प्रतिशत की कमी के बारे में सूचना मिली है। कंपनी ने कहा, ''एपीएम गैस के कम आवंटन की भरपाई नये कुओं से उत्पादित गैस से की जा रही है। अदाणी टोटल गैस ने कहा, ''हालांकि, उच्च मूल्य वाले नये कुओं से प्राप्त गैस से कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## सोना 1,650 रुपए बढ़कर 98,100 के नए शिखर पर, चांदी भी उछली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



**सोना हाजिर में भी बढ़कर सौदे**

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हो गया और इसमें 3,299.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हुआ।

- बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण सोना बना सुरक्षित निवेश
- चांदी 1,900 रुपए उछलकर 97,650 रुपए प्रति किलोग्राम

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी। इस साल अब तक सोने की कीमतों में एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 18,710 रुपये या 23.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,650 रुपये बढ़कर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीएलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में एक बार फिर जोरदार तेजी आई...एमसीएक्स सोना 95,000 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

कॉमेक्स सोना 3,300 डॉलर को पार कर लिया, जो मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग को दर्शाता है। त्रिवेदी ने कहा कि यह तेजी, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका और चीन के बीच शुल्क वार्ता में किसी भी रचनात्मक प्रगति की गैरमौजूदगी के कारण थी।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी रायपुर वनमण्डल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
फोन (0771) 2427640, Fax:- 2427640
E-mail- dfo_raipur @rediffmail.com,
Govt ID-dfo-raipur.cg@gov.in

क्रमांक/भण्डार/रा/ 1133 रायपुर दिनांक 15/04/2025

**Proposal For Proposal For Auditing**

**निरस्त सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायपुर वनमण्डल के अंतर्गत राजीव स्मृति वन विकास समिति के अंतर्गत वार्षिक आय-व्यय का ऑडिट कराये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति/ संस्था से Proposal For Proposal For Auditing का प्रारूप विज्ञापन क्रमांक 252600096/1 दिनांक 05 .04 .2025 अंतर्गत प्रकाशित हुआ था जिसे अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

वनमण्डलाधिकारी
रायपुर वनमण्डल, रायपुर

जी-252600317/3

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 17/EE/FILTER PLANT/2025 RAIPUR DATED : 16/04/2025

Online bids are invited for the following works up to 08/05/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (In RS) |
|---|---|---|---|
| 1 | 167133 | Shifting of 500 mm dia D.I. rising main pipe due to construcation of R.O.B. by PWD Raipur at Hirapur chowk (PHE SOR 01/06/20 & Amendment 07/2022) | 81,46,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 17/04/2025, 12:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

EXECUTIVE ENGINEER
FILTER PLANT
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

## लगातार चौथी बार अमेरिका बना भारत का टॉप ट्रेड पार्टनर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। वहीं, इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 बिलियन डॉलर हो गया है। पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में चीन से आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### पिछले वर्ष अमेरिका को निर्यात 11.6 फीसदी बढ़ा

पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। वहीं, अगर आयात की बात करें, तो 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 42.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### तीसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का टॉप ट्रेडिंग पार्टनर रहा। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर था। 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 100.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया।

## एक दशक में होगा भारत का पर्यटन बाजार 21 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन दीप कालरा ने बुधवार को कहा कि भारत का सतत पर्यटन बाजार एक दशक में बढ़कर 21.6 करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा जो फिलहाल 3.7 करोड़ डॉलर है। मेकमाईट्रिप फाउंडेशन कालरा ने सतत पर्यटन विकास के चलते प्रस्तुत अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '' भारत का सतत पर्यटन बाजार अब भी आकार में छोटा है। डॉलर के हिसाब से यह करीब 3.7 करोड़ डॉलर का है। आज यह करोड़ों में होना चाहिए... अभी यह लगभग 320 करोड़ रुपये है।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी / जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में आवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम-काष्ठागार वाड्रफनगर नीलाम दिनांक-29.04.2025 समय - प्रात: 09:00 बजे से

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली / डेंगरी |
| | | घ.मी. | नग | नग | |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | - | - | 275.880 | 1611 |
| 2 | साल | 791.409 | 91 | 622.125 | 246 |
| 3 | साजा | 13.167 | - | - | 12 |
| 4 | तिन्सा | - | - | - | 1 |
| 5 | बीजा, शीषम, खम्हार | - | - | 15.427 | 755 |
| 6 | हल्दु, मुडी, बांसा | 2.697 | - | 20.068 | 2 |
| 7 | धावड़ा | 10.077 | - | - | - |
| 8 | अन्य, नीलगिरी | 3.753 | - | - | 13 |
| 9 | सलया | - | - | - | - |
| 10 | सेमल | - | - | 9.134 | - |
| 11 | खैर काष्ठ | - | - | - | - |
| | योग :- | 821.103 | 91 | 942.634 | 2640 |
| क्र | प्रजाति विवरण | | | | |
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी. X 1.25 X 0.80 मी. | 136 चट्टा | | 421.5 चट्टा | |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई - कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेषन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिषत की राषि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिषत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं ।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर

जी-252600311/4

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. 01**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 58/ निविदा/ग्रायांसेवा/2025-26,
रायगढ़, दिनांक 15 .04 .2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 01-05-2025 (शायं 05 .30 बजे तक)
2. पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा ई. एम. डी. तकनीकी अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि :- 05-05-2025 (शायं 05 .30 बजे तक)

| ई-निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 167090 | जोनल निविदा विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | 40 .00 |
| 167092 | जोनल निविदा विकासखण्ड पुसौर के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | 40 .00 |
| 167094 | जोनल निविदा विकासखण्ड धरमजयगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | 40 .00 |
| 167097 | जोनल निविदा विकासखण्ड खरसिया के अंतर्गत सिविल कार्य, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | 40 .00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 16 .04 .2025 को सायं 5 :31 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी-252600301/3

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल कोरबा (छ.ग.)**
फोन का.: 07759–221273, नि: 07759-222504
फैक्स 07759-223531, Email: dfo_korba@yahoo.co.in

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमंडल कोरबा, विभिन्न परिक्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य के उपयोग हेतु उपजाऊ मिट्टी क्रय हेतु निविदा दिनांक 17 .05 .2025 को दोपहर 2 .00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/वनमंडल कार्यालय में रखे बाक्स में डालने हेतु वनमंडल कार्यालय कोरबा में आमंत्रित की जाती है।

| निविदा का प्रकार | प्रथम निविदा दिनांक | द्वितीय निविदा दिनांक | तृतीय निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| उपजाऊ मिट्टी | 17 .05 .2025 | 31.05 .2025 | 07 .06 .2025 |

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में सूचना प्रकाशन दिनांक 17 .04 .2025 से दिनांक 17 .05 .2025 को दोपहर 12 .00 बजे तक रूपये 500/- का डिमांड ड्राफ्ट/नगद शुल्क जो वनमंडलाधिकारी, कोरबा वनमंडल कोरबा के पक्ष में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 17 .05 .2025 को सायं 4 .00 बजे उपस्थित निविदाकारो/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

अधिक जानकारी के लिये cgforest .com बेव साईट देखें।

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमण्डल कोरबा

जी-252600302/2

**कार्यालय बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)**

पृ.क्रमांक/114/निविदा/बि. दे.के./ बिलासपुर (चकरभाठा)
दिनांक 16 .04 .2025

**निविदा सूचना**

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा) के यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए 12 माह के लिए अस्थायी रूप से एयरपोर्ट में Operating Taxi Service सुविधा के संचालन हेतु निर्धारित प्रारूप एवं शर्तो के अधीन निविदा दिनांक 01.05 .2025 समय दोपहर 02 :00 बजे तक आमंत्रित किया गया है इच्छुक फर्म / संस्था निर्धारित प्रारूप के साथ 500/- रूपये का डिमांड ड्राफ्ट बिलासपुर एयरपोर्ट बिलासपुर के नाम से प्रत्येक सेवा हेतु पृथक-पृथक बंद लिफाफा अधेहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रात: 10 :30 से दोपहर 02 :00 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) जमा कर सकते है ।

निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक शर्ते बिलासपुर जिले के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.05 .2025 को 02 :00 बजे अपरान्ह तक निविदा खोलने की तिथि :- 01.05 .2025 को सायं 03 :00 बजे

स्थान :- बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाट)

एयरपोर्ट डायरेक्टर
बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट,
बिलासपुर (चकरभाठा)

जी-252600319/2

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ. ग.)**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**
NIT NO. -01/2025-26
ज्ञा.क्र. 1123/ टेण्डर/ वलेलि/ग्रा.यां. सेवा/2025
बिलासपुर दिनांक 15/04/25

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (सिविल कार्य)/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 / 01.06 .2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर दिनांक 30. 04 .2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम/स्थान | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 166879 | गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण (सीसल प्रक्षेत्र), चोरभट्ठीखुर्द | 31.93 |

Note -
निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2 .10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2 .13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय मे उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

जी-252600313/2




# दिल्ली ने सत्र के पहले सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सत्र के पहले सुपर ओवर में हराकर जीत की राह पर वापसी की। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने वाले दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में पिछला मैच गंवाया था लेकिन बुधवार को जीत हासिल की।

- छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंची कैपिटल्स

टीम अब छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम चार अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

सुपर ओवर में रॉयल्स के लिए शिमरोन हेटमायर (06) और रियान पराग (04) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि गेंद मिचेल स्टार्क ने थामी। हेटमायर और पराग ने चौके मारे लेकिन पराग फ्री हिट पर रन आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल (00) भी इसके बाद रन आउट हुए जिससे दिल्ली को 12 रन का लक्ष्य मिला। दिल्ली की ओर से लोकेश राहुल (नाबाद 07) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 06) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि रॉयल्स ने गेंद संदीप शर्मा को थमाई। राहुल ने पहली गेंद पर दो रन लिए और फिर अगली गेंद पर चौका मारा। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।



### बराबर हुआ स्कोर

दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी। दिल्ली ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए थे। मेजबान टीम की ओर सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। कप्तान अक्षर पटेल ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया।

खास खबर

## फिनिशर होना कठिन काम है



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिनिशर जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से उनके लिए अपनी पारियों की अहमियत बढ़ गई है और अब वह 30 या 40 के स्कोर को भी अर्धशतक मानते हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाए थे। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, 'अब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था।'

## हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरुकता का अभाव



**मुल्लांपुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरुकता की कमी थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढेर कर दिया।

## नए फिजियो-ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाए हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता में, मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## चैंपियंस लीग : बार्सिलोना को 5-3 के कुल स्कोर से मिला फयदा

# गुइरासी की हैट्रिक बेकार, डॉर्टमुंड जीतकर भी बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची बार्सिलोना

एजेंसी ▶▶| डॉर्टमुंड


सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की। यह स्पेनिश क्लब की पिछले साल दिसंबर के बाद किसी भी तरह की प्रतियोगिता में यह पहली हार थी। इसके बावजूद बर्सिलोना 5-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

बार्सिलोना ने क्वार्टर फ़ाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया। गुइरासी ने 11वें, 49वें और 76वें मिनट में गोल किए जबकि बार्सिलोना के फॉरवर्ड रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की कुछ खास नहीं कर पाए। बार्सिलोना ने दूसरे चरण में अपना खाता 56वें मिनट में रेमी बेंसबैनी के आत्मघाती गोल से खोला। सेमीफाइनल में बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।



## एस्टन विला की किस्मत खराब, अंतिम-4 में पीएसजी

**बर्मिंघम।** एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन इस इंग्लिश क्लब को 5-4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली। विला ने हाफटाइम से पहले यूरी टाईलेमैन्स के गोल से वापसी की जबकि दूसरे हाफ के शुरू में जॉन मैकगिन और एज़री कोन्सा ने दो मिनट के अंतराल में गोल करके उसकी उम्मीद जगा दी। केवल पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने इसके बाद शानदार बचाव करके विला को चौथा गोल करने से रोक दिया।



### खबर संक्षेप

### हैरियट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने को कहा

**पेरिस।** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, 'क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी।




### नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



### 'एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी' की लांच 29 को

**नई दिल्ली।** अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किए हैं। इसमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढ़ावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्परकोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब ' द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूज़ुअल मेमोयर' को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा।




टेनिस

## डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| म्युनिख

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने मंगलवार को यहां बीएमडब्लू ओपल के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की। डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद इसमें में जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्ग्स के खिलाफ खेलेंगे।

### अलियासिमे तीन सेट में हारकर बाहर

अन्य मैचों में मारियानो नवोन ने तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 2-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया, चौथे वरीय उगो हम्बर्ट ने निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। जर्मनी के वाइल्ड कार्ड यानिक हनफमैन ने छठे वरीय जैकब मेनसिक को 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हराया।



### राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्लूएस की ओर से यह पुष्टि 'एजेंसी' द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्लूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' प्राप्त हुई है।

# ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की मेजबानी करेगा पोमोना शहर

एजेंसी ▶▶| दुबई

दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है।



आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा।

तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा।' क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था। इसे अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया।

### आईपीएल में हो रही रोबोटिक डॉग की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत में इन दिनों दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। दुनिया की सबसे महंगी लीग आईपीएल में टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। मौजूदा सीजन में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में अब रोबोट कैमरा डॉग के रूप में एक नया अनोखा बदलाव हुआ है। तकनीक के चमत्कार और मनोरंजन के प्रतीक के रूप में चार पैरों वाला यह रोबोट अब सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो के जरिए इस बात का खुलासा हुआ। इस वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने रोबोट डॉग को पेश किया।

## रोहित शर्मा का फॉर्म मुंबई के लिए बना चिंता का विषय

# मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर निगाह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।


बुमराह को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। सनराइजर्स की टीम अभी नौवें स्थान पर है। सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।



## बल्ले के आकार की जांच से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा : विटोरी

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में अंपायरों द्वारा बल्ले के आकार की जांच करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। विटोरी ने कहा कि काश उनके खेलने के दिनों में भी ऐसे मापदंड लागू होते। अंपायर बल्ले की जांच एक गेज से करते रहे हैं, जिससे बल्ले को गुजरना पड़ता है। इसका मकसद बड़े आकार के बल्ले के इस्तेमाल को खत्म करना है। इस सत्र में मैदानी अंपायरों के पास मैच के दौरान बल्ले की जांच करने की छूट है। इसका ताजा उदाहरण कोलकाता नाइट राइडर्स के एनरिक नॉर्किया है। मंगलवार को उनका बल्ला परीक्षण में विफल रहा जिसके बाद उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इसे बदलना पड़ा। विटोरी ने कहा, 'काश जब मैं खेल रहा था तब भी उन्होंने बल्ले की जांच की होती। नहीं, मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ेगा।'





# अपनी ही शादी में शिव-पार्वती बने दूल्हा-दुल्हन

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर कभी-कभी ऐसे वीडियोज वायरल होती रहती हैं, जो हमारा दिल जीत लेती हैं और हम उसे लाइक करने से पीछे भी नहीं रहते हैं। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की गाथा भारतीय संस्कृति और धर्म में विशेष स्थान रखती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस बात की जानकारी हमने कई पौराणिक कथाओं में पढ़ा और सुना है। हालांकि, इन दिव्य पात्रों का विवाह केवल कल्पनाओं और धार्मिक चित्रों में ही देखा गया है।

## लोगों ने दी जमकर प्रतिक्रिया



इस जोड़ी ने शादी के बाद एक खास फोटोशूट भी करवाया। आजकल के ट्रेंडी फोटोशूट्स से अलग, इस कपल का अंदाज लोगों को सीधे धार्मिक भावनाओं से जोड़ देता है। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि यह वीडियो असली शादी का हिस्सा है या फिर किसी विशेष क्रिएटिव प्रोजेक्ट के लिए तैयार किया गया दृश्य है। अब तक इस वीडियो को सोशल मीडिया पर 29 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। वीडियो पर ढेरों प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। किसी ने इसे 'सबसे बेहतरीन वीडियो' कहा, तो दूसरे लोगों ने कमेंट्स में 'हर- हर महादेव' लिखते हुए अपने उत्साह और भक्ति को जाहिर किया है।



### वायरल हुआ वीडियो

सोशल मीडिया पर इस वायरल वीडियो में एक कपल अपनी शादी के मौके पर शिव-पार्वती के रूप में नजर आता है। वीडियो की शुरुआत एक खूबसूरत मंडप से होती है, जहां दुल्हन की एंट्री दिखाई देती है। इस दुल्हन का लुक पारंपरिक नहीं, बल्कि देवी पार्वती जैसा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वह शर्माते हुए धीरे-धीरे स्टेज की ओर बढ़ती हैं, जहां भगवान शिव के रूप में सजा दूल्हा पहले से उनका इंतजार कर रहा होता है।

### शिव-पार्वती के रूप में सजे दूल्हा-दुल्हन

दुल्हन के मंच पर पहुंचते ही दूल्हा अपने हाथों में डमरू और त्रिशूल उठा लेता है और उसके साथ खड़ा हो जाता है। खास बात यह है कि दूल्हे ने शादी की शेरवानी नहीं पहनी, बल्कि भगवान शिव जैसी पोशाक पहना था। इस दृश्य को देखकर ऐसा लगता है कि मानो असली में शिव-पार्वती का विवाह हो रहा हो।

## रोचक खबरें



### सीक्रेट बेस एरिया-51 में दिखा रहस्यमयी टावर, कहा जाता है यहीं अमेरिका ने एलियंस को बनाया है बंधक

**वॉशिंगटन।** दुनिया में कई रहस्यमयी जगहे हैं। इन जगहों में अमेरिका का एरिया-51 भी शामिल है, जहां कड़ी सुरक्षा रहती है। अमेरिका की इस जगह पर किसी को आने-जाने की इजाजत नहीं है। कुछ कांस्पिरेसी थ्योरी में दावा किया जाता है कि अमेरिका ने एरिया-51 में एलियंस को कैद कर रखा है और उन पर प्रयोग हो रहा है। इस जगह को गुप्त रखा गया था और इसके बारे में अमेरिका के लोग भी जानते थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने साल 2013 में पहली बार इस जगह में बारे में बताया। अब इस बीच गूगल मैप्स पर एरिया 51 में एक अजीबोगरीब काला त्रिकोणीय टावर दिखा है। यह रहस्यमयी अमेरिकी सैन्य अड्डे के आसपास कॉन्सपिरेसी थ्योरी को हवा दे रहा है। सोशल मीडिया पर इस खोज को साझा किया गया है। इस टावर को लेकर लोग अलग-अलग अटकलें लगा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह कोई उन्नत विमान है या फिर कोई ज्यादा घातक वस्तु। अब यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। एक सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वाले शख्स ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि गूगल मैप्स पर एरिया 51 में एक काला त्रिकोणीय टावर देखा गया है। उसने कैप्शन लिखा है, मुझे लगता है कि एरिया 51 मानव तस्करी या इससे जुड़े डेटा का केंद्र है।

### एंटीबायोटिक दवाओं का असर घटने से जा चुकी है 30 लाख बच्चों की जान, नए अध्ययन से चला पता

**लंदन।** दुनिया में 30 लाख से अधिक बच्चों की मौत एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने के कारण होने की आशंका है। बाल स्वास्थ्य के दो प्रमुख विशेषज्ञों ने 2022 में किए गए एक अध्ययन के बाद ये कहा है। इसका सबसे अधिक खतरा अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के बच्चों पर पाया गया है। इस स्थिति को एंटीमाइक्रोबायल रेज़िसटेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) यानी एएमआर कहा जाता है।



एएमआर शरीर में तब विकसित होता है जब संक्रमण पैदा करने वाले रोगाणु, इतने ताक़तवर हो जाते हैं कि एंटीबायोटिक दवाएं असर करना बंद कर देती हैं। इसे दुनिया के सामने एक बड़ा 'स्वास्थ्य ख़तरा' माना जा रहा है। इस नए अध्ययन से पता चला है कि एएमआर बच्चों पर कैसे बुरा असर डाल रहा है। अध्ययन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व बैंक समेत कई संस्थाओं से आंकड़े लिए गए थे। शोध करने वालों का अनुमान है कि साल 2022 में तीस लाख से अधिक बच्चों की मौत दवा के प्रति पैदा हुई प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अध्ययन केवल तीन साल में बच्चों में एएमआर-संबंधी संक्रमणों में दस गुना से अधिक बढ़ोतरी को उजागर करता है। एंटीबायोटिक्स का उपयोग त्वचा संक्रमण से लेकर निमोनिया तक कई प्रकार के जीवाणुजनित संक्रमणों के उपचार या रोकथाम के लिए किया जाता है। कभी-कभी संक्रमण उपचार के बजाय इसे रोकथाम के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

### फ्लाइट अटेडेंट की लगी 21 करोड़ रुपए की लॉटरी किस्मत के चमकते ही बीच उड़ान में छोड़ दी नौकरी

**न्यूयार्क।** किसी भी उड़ान में एयर होस्टेस की भूमिका काफी ज्यादा अहम होती है। ऐसे में अब आप सोचिए कि आप फ्लाइट से कहीं जा रहे हों और एयर होस्टेस बीच उड़ान में इस्तीफे की बात करने लगे तो क्या होगा? ऐसा ही एक मामला इन दिनों चर्चा में है। जिसके बारे में जानने के बाद हैरान हो जाएंगे। दरअसल हुआ यूं कि एक एयर होस्टेस कि उड़ान के दौरान किस्मत चमकी और वो हवा में ही करोड़ों की मालकिन बन गई, जिसके बाद उसने हवा में ही अपना रिजाइन दे दिया। कहते हैं कि किस्मत का कोई भरोसा नहीं है, ये कब आपकी जिंदगी को बदल दे इसके बारे में कुछ कहना बहुत ही ज्यादा मुश्किल है। लक जब मेहरबान होता है तो आपको छप्पड़-फाड़कर इनाम देती है। अब इस महिला के किस्से को ही देख लीजिए जिसने हवा में ही अपने किस्मत के दम पर 21 करोड़ रुपए जीत लिए। जिसकी उसने अपने जीवन में कभी उम्मीद नहीं की थी। ये कहानी जब लोगों के सामने आई है तो उसने कहा मैं इतनी जल्दी करोड़पति बन गई, इसकी मैंने कभी सपने में भी उम्मीद नहीं की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयर होस्टेस ने कैसीनो गेम में 500 रुपए लगाकर 21 करोड़ की रकम जीत ली, कैसिनो एक्सपोज्ड की रिपोर्ट के अनुसार, कैसीनो डेज प्लेटफॉर्म एक लिमिटेड टाइम ऑफर चला रहा था, जिसमें इस महिला ने एक लाख रुपए की राशि जमा 1 लाख तक की जमा राशि पर 150% बोनस मिल रहा था। एयर होस्टेस बताती है कि इस गेम को खेलने के लिए पहले मैंने एक लाख लगाए उसे में दस और फिर 20 और देखते ही देखते मैंने अंत में 21,83,02,672 खाते में आ गए।



# चीन बना रहा दुनिया का आठवां अजूबा कुतुब मीनार से भी सात गुना ऊंचा है पुल

बीजिंग। चीन में हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनने वाला है। इसे इस साल जल्द ही खोल दिया जाएगा। बता दें, इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार या एफिल टॉवर से भी ज्यादा ऊंची है। ये जमीन से 625 मीटर (लगभग 2,050 फीट) की ऊंचाई पर खड़ा है। बुर्ज खलीफा तो अब आप भूल ही जाइए, क्योंकि चीन एक ऐसी चीज बना रहा है जिसे देख इंसान की सांसे अटक जाएंगी। शायद चीन ने वो उपलब्धि हासिल कर ली है, जो दुनिया में कोई भी नहीं कर पाएगा, मतलब तीन साल में देश ने दुनियाका सबसे ऊ चा ब्रिज खड़ा कर दिया है।

### कितना ऊंचा है ब्रिज



हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा पुल होने वाला है। ये ब्रिज जून 2025 में शुरू हो जाएगा। ये पुल एफिल टॉवर से 200 मीटर ऊंचा है। चीन का ये ब्रिज एफिल टॉवर से तीन गुना भारी भी रहेगा। ये पुल इसलिए भी खास है, ब्रिज करीबन हवा में लटका है। एक बार चालू होने के बाद ये पुल न केवल गुइझोउ में हुआजियांग ग्रैंड कैन्यन के दोनों किनारों को कनेक्ट करेगा, बल्कि विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ेगा। जमीन से 625 मीटर (लगभग 2,050 फीट) की ऊंचाई पर खड़ा ये ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनेगा।

## घंटे की यात्रा होगी एक मिनट में पूरी

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हुआजियांग ग्रैंड कैन्यन ब्रिज 190 किलोमीटर लंबे शांतियन-पुक्सी एक्सप्रेसवे का भी हिस्सा है, जिसे दक्षिण-पश्चिम चीन में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया है। इस पुल का निर्माण 2022 से शुरू किया गया था, ये पुल दोनों तरफ के पहाड़ों को कनेक्ट करता है। ये अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज से 9 गुना ऊंचा है। चीन ने एक तरह से अपना भी रिकॉर्ड तोडा है।



## दुनिया के 5 सबसे ऊंचे पुल

दुनिया में कई और ब्रिज भी हैं, जिन्हें दुनिया के सबसे ऊंचे पुल में गिना जाता है। तीन तो चीन में ही मौजूद हैं।

### सिदु नदी पुल, चीन

डेक ऊंचाईः 496 मीटर (1,627 फीट)
शुरुआतः 2009
**जगह** : हुबेई प्रांत, चीन
सिदु नदी पुल को दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का खिताब हासिल है। यह सिदु नदी घाटी तक फैला है और पहाड़ी क्षेत्र पर इसका निर्माण करने की वजह से इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना भी कहते हैं।

### बलुआर्टे पुल, मेक्सिको

डेक ऊंचाईः 403 मीटर (1,322 फीट), शुरुआतः 2012
**जगह** : डुरांगो-सिनालोआ सीमा, मेक्सिको
बलुआर्टे पुल दुनिया के सबसे ऊंचे केबल-ठहरा पुल से फेमस है, जो मेक्सिको के डुरांगो-मजाटलन हाइवे पर एक कनेक्शन के रूप में कार्य करता है। इसे वास्तुशिल्प उपलब्धि के रूप में भी पहचान मिली हुई है।

### बालिंग नदी पुल, चीन

**डेक ऊंचाईः** 370 मीटर (1,210 फीट) शुरुआतः 2009
**स्थानः** गुइझोउ प्रांत, चीन
यह पुल बालिंग नदी घाटी तक फैला है और चीन के पहाड़ी क्षेत्रों में इसके निर्माण के लिए पहचान मिली हुई है।



### आइज़ाई पुल, चीन

**डेक ऊंचाईः** 350 मीटर (1,150 फीट)
शुरुआतः 2012
**स्थानः** हुनान प्रांत, चीनआइज़ाई पुल अपने अद्भुत नजारों और पर्यटन बुनियादी ढांचे के लिए जाना जाता है। ये दो पहाड़ी क्षेत्रों को कनेक्ट करता है। इसमें लोगों के लिए पैदल मार्ग भी शामिल हैं।



### बीपांजियांग नदी 2003 पुल, चीन

**डेक ऊंचाईः** 366 मीटर (1,201 फीट)
शुरुआतः 2003
**स्थानः** गुइझोउ प्रांत, चीन
बीपांजियांग नदी पुल कभी विश्व स्तर पर सबसे ऊंचा पुल हुआ करता था।

# अब घर में ही होगा सांप काटने का इलाज, वैज्ञानिकों ने तैयार कर लिया जहर खत्म करने वाला कैप्सूल

नैरोबी। केन्या में हुए शोध से सांप के काटने के इलाज में क्रांति आ सकती है। यूनिथिओल नामक दवा, जो पहले धातु विषाक्तता के लिए प्रयोग होती थी, सांप के जहर को बेअसर करने में सफल रही है। 64 लोगों पर किए गए परीक्षण में यह दवा प्रभावी साबित हुई। यह दवा आसानी से उपलब्ध और कम तापमान पर भी संग्रहीत की जा सकती है। भारत में हर साल जहरीले सांप के काटने से 1 लाख 40 हजार लोगों की मौत होती है। इनमें से ज्यादातर मौतें समय पर इलाज न मिल पाने की वजह से होती है, लेकिन केन्या में एक खोज ने अब इसके इलाज को आसान बना दिया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अब घर पर ही लोग आसानी से सांप के जहर को अपने शरीर से खत्म कर सकते हैं।

## पानी के साथ भी खाया जा सकता है इस दवा को





### 64 लोगों पर किया गया प्रयोग

शोधकर्ताओं का कहना है कि केन्या में 64 लोगों पर इस दवा का प्रयोग किया गया है। इन 64 लोगों ने सांप काटने के बाद यूनिथिओल का इस्तेमाल किया। 64 लोग तुरंत ठीक हो गए। उन पर सांप का जहर नहीं देखा गया। दिलचस्प बात है कि इस दवा का इस्तेमाल करने के लिए किसी जानकारों की जरूरत भी नहीं है। वहीं, इस दवा का इस्तेमाल कम और ज्यादा जहरीला सांपों के काटने के बाद भी किया जा सकता है।

### यह कैसे संभव है?

ई-बायोमेडिसिन में छपी एक रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि यूनिथिओल नामक दवा से सांप के जहर को खत्म किया जा सकता है। अब तक इसका इस्तेमाल अब तक धातु विषाक्तता के उपचार के लिए होता आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि सांपों के जहर में मेटालोप्रोटीनेज एंजाइम पाया जाता हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुचाता हैं। इसके लिए इसे जिंक कि जरूरत होती है, जो ये शरीर से लेता है।





## पानी के साथ भी खाया जा सकता है इस दवा को

यूनिथिओल जिंक को रास्ते से हटा कर जहर फैलने से रोक देता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस दवा को पानी के साथ भी खाया जा सकता है। साथ ही इसे स्टोर करने के लिए सामान्य तापमान की ही जरूरत है। यानी यह कैप्सूल फॉर्म में आ सकता है। अब तक सांप के जहर को खत्म करने के लिए जितने भी मेडिसिन बनाए गए हैं, उन सभी को रखने के लिए एक जरूरी तापमान की जरूरत होती है। जो दूर-दराज के गांवों में संभव नहीं है। इसी वजह से गांवों में सांप काटने से अधिक लोगों की मौत हो जाती है।

## गूंगी बनकर सरकारी पेंशन ले रही थी महिला, 16 साल तक चलता रहा नाटक



**बार्सिलोना।** अगर आप अपने आसपास नज़र दौड़ाएंगे, तो बहुत कुछ अजीबोगरीब मिल जाएगा। कुछ तो ऐसी घटनाएं होती हैं, जिन्हें सुनकर इंसान थोड़ी देर तो सकते में चला जाता है। लोगों ने आजकल ऐसे-ऐसे जुगाड़ ढूंढ निकाले हैं, जिनके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। ऐसा ही एक मामला इस वक्त सुर्खियों में छाया हुआ है, जिसमें एक महिला ने सरकार से लेकर अपनी कंपनी तक को गजब का बेवकूफ बनाया। दुनिया में लोग अपने फायदे के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं।

# एक साल तक महिला की लाश को कंबल में लपेटे घूमता रहा शख्स

**वॉशिंगटन।** आमतौर पर कुछ अपराध ऐसे होते हैं जिनकी कानूनीतौर पर सजा तो ज्यादा नहीं होती है, लेकिन वे होते बहुत ही घिनौने हैं। ऐसे अपराधों की घटनाओं के बारे में सुन कर गुस्सा भी बहुत आता है और लगता है कि ऐसे अपराधियों को तो बहुत ही कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए। लाशों के अंतिम संस्कार के लिए सेवाएं देने वाले एक शख्स को पुलिस ने एक अजीब तरह के अपराधों के लिए गिरफ्तार किया। उस पर आरोप था कि उसने एक महिला का शव एक साल तक अपने शववाहन में छिपाए घूमता रहा। लेकिन. उससे भी हैरानी की बात ये थी कि उसने कई लोगों की राख उस घर में बिखरा रखी थी, जिसमें वह किराये से रह रहा था।



### गंभीर अपराधों के आरोप

अमेरिका के कोलोराडो के डेनवर के माइल्स हारफोर्ड पर आरोप था कि उसने एक 63 साल की महिला का शव अपने शववाहन में कंबल लपेट कर रखा हुआ था। इस शव के अलावा उसने 30 और जल चुके लोगों के शव की राख को अपने किराये के घर में बिखराया हुआ था। ये सारी चीजें पुलिस के सामने तब आईं जब पुलिस कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए उसका घर खाली कराने पहुंचीं, जहां वह किराये से रहा करता था।

### कोर्ट ने दिखाई सख्ती

दलील समझौते के तहत, हार्फोर्ड ने शव के साथ दुर्व्यवहार के एक मामले और चोरी के एक मामले में दोषी होने की दलील दी।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com